Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 76 | शनिवार, 21 मार्च-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# पॉश आरडीसी में पार्किंग का 'पाताल लोक'

## करोड़ों का 'दुबई मॉल' सड़क पर, और जनता जाम के भंवर में!

### खास रिपोर्टः शोरूम की 'हक' बन गई सड़क, कार बाजार और मैकेनिकों के कब्जे में राज नगर का दिल; प्रशासन 'मौन' या 'मजबूर'?












ललित कुमार शर्मा

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** कहने को तो यह गाजियाबाद का सबसे पॉश इलाका 'राज नगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर' यानी आरडीसी है, लेकिन यहां कदम रखते ही आपको अहसास होगा कि आप किसी आधुनिक शहर में नहीं, बल्कि अव्यवस्था के एक चक्रव्यूह में फंस गए हैं। गौर मॉल से लेकर दुबई मॉल तक की सड़कें अब राहगीरों के लिए नहीं, बल्कि कार बाजार के शोरूम और मैकेनिकों के 'सर्विस स्टेशन' में तब्दील हो चुकी हैं। विडंबना देखिए कि जिस इलाके की जिम्मेदारी पहले जीडीए के पास थी और अब नगर निगम के पास है, वहां पार्किंग की एक अदद सुव्यवस्थित जगह आज भी सपना बनी हुई है।

**प्रशासन से जनता के सवाल?**

- क्या पॉश आरडीसी की सड़कें कार कारोबारियों को 'लीज' पर दे दी गई हैं?
- कार मैकेनिकों द्वारा सड़क घेरकर मरम्मत करने पर निगम और ट्रैफिक पुलिस खामोश क्यों है?
- जीडीए से नगर निगम तक के हस्तांतरण के बीच पार्किंग की व्यवस्था अधर में क्यों लटकी है?
- क्या किसी 'खास हनक' के चलते दुबई मॉल के बाहर की सड़क को पार्किंग बनाया गया?

**जमीनी हकीकत**

- गौर मॉल के सामनेः पार्किंग की भारी कमी, वाहन निकालने के चक्कर में आए दिन विवाद।
- दुबई मॉल का हालः सड़कों पर अवैध कब्जा, पैदल चलने वालों के लिए जगह नहीं।
- कार बाजार का सिंडिकेटः 24 घंटे सड़क पर कार सेल-परचेज वालों का डेरा।
- जनता का नुकसानः करोड़ों की टैक्स राशि से बनी सड़कों का गलत इस्तेमाल।

### 'बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधे?'

सूत्रों की मानें तो दुबई मॉल के बाहर एक अच्छी-खासी पार्किंग को रातों-रात कियोस्क में बदल दिया गया, जहां इंसान तो छोड़ो जानवर आराम फरमाते दिख जाएंगे, इतना ही नहीं मार्बल के पत्थर लगाने में जनता के करोड़ों रुपये पानी में बहा दिए गए, सड़क के किनारे रोड को पार्किंग में तब्दील कर दिया गया। चर्चा है कि इसके पीछे किसी 'रसूखदार अधिकारी' की हनक काम कर रही है। करोड़ों रुपये खर्च कर बनी सड़कें अब जनता के काम आने के बजाय 'पार्किंग सिंडिकेट' की भेंट चढ़ चुकी हैं। हर कोई सड़क खुलवाना चाहता है, लेकिन सिस्टम की चुप्पी बड़े सवाल खड़े करती है। आरडीसी आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां विकास के दावों की हवा निकल रही है। अगर नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने जल्द ही इन 'सड़क छाप शोरूम' और 'ओपन गैरेज' पर कार्रवाई नहीं की, तो गाजियाबाद का यह गौरव जल्द ही 'अव्यवस्था का केंद्र' बनकर रह जाएगा। सवाल यह है कि क्या प्रशासन जनता की सुविधा के लिए खड़ा होगा या 'रसूख' के आगे घुटने टेकता रहेगा?

### सड़कों पर 'सेल्स-परचेज' का कब्जाः शोरूम अंदर, गाड़ियां बाहर

आरडीसी की मुख्य सड़कों और सर्विस लेन की हालत इन दिनों बदतर है। इलाके में फल-फूल रहे 'सेकंड हैंड कार' के कारोबारियों ने सरकारी सड़क को अपना निजी शोरूम समझ लिया है। सुबह होते ही दर्जनों गाड़ियां सड़क के दोनों ओर कतारबद्ध कर दी जाती हैं, जिससे आम जनता के लिए अपनी गाड़ी निकालना तो दूर, पैदल चलना भी दूभर हो जाता है। 'फॉर सेल' की तख्तियां लगी ये गाड़ियां प्रशासन की नाक के नीचे खड़ी रहती हैं, लेकिन मजाल है कि कोई पीली लाइन खींचने वाला या चालान काटने वाला यहां नजर आए, आप हजारों की गाड़ियों को 24 घंटे इन जगहों कब्जा किए हुए देख सकते हैं, अब सवाल है क्यों गाजियाबाद पुलिस आरडीसी की पार्किंग स्थलों को जनता के लिए खाली कराने में असफल क्यों है?

### मैकेनिकों का 'ओपन एयर' गैरेज, सड़क पर खुला बोनट, जाम का 'इंजन' गरम

राज नगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर का दूसरा काला पहलू कार मैकेनिकों की मनमानी है। पॉश इलाके की सड़कों पर ही गाड़ियों के बोनट खुले रहते हैं और मरम्मत का काम धड़ल्ले से चलता है। दुबई मॉल के पीछे वाला हिस्सा हो या गौर मॉल के पीछे वाला हिस्सा, मैकेनिकों ने सड़कों को ही गैरेज बना लिया है। इसके चलते लगने वाले जाम से रोजमर्रा की लड़ाई-झगड़े अब यहां की नियति बन चुके हैं।

## लंबे इंतजार के बाद सीएम धामी ने किया कैबिनेट विस्तार, 5 नए चेहरों की एंट्री



वेलकम इंडिया नेटवर्क

**उत्तराखंड।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। नए मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह लोकभवन में आयोजित किया गया। मदन कौशिक (हरिद्वार), खजान दास (राजपुर रोड), भरत सिंह चौधरी (रुद्रप्रयाग), राम सिंह कैरा (भीमताल), और प्रदीप बत्रा (रुड़की) ने नए उत्तराखंड कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद पांच नेताओं के मंत्री पद की शपथ लेने के बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सबसे पहले, मैं उन सभी सम्मानित व्यक्तियों को बधाई देना चाहता हूं जिन्हें आज मंत्रिपरिषद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

धामी ने आगे कहा कि मैं उन सभी को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। ये सभी लंबे समय से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत हैं। इनके साथ मिलकर हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन को साकार करने में योगदान देंगे और ये सभी गणमान्य व्यक्ति इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उत्तराखंड सरकार में मंत्री पद की शपथ लेने के बाद भाजपा विधायक मदन कौशिक ने कहा कि आज मैंने सरकार में मंत्री पद की शपथ ली है। पार्टी जो भी कार्य सौंपेगी, पार्टी कार्यकर्ता के रूप में उसे पूरा करना मेरा कर्तव्य है।

चाहे वह संगठन की जिम्मेदारी हो या सरकार की, जब भी मुझे जिम्मेदारी दी गई है, मैंने उसे पूरा किया है... हम राज्य के विकास के लिए तेजी से काम करेंगे।

## दीदी की 10 प्रतिज्ञा से बंगाल साधने की तैयारी, महिलाओं के साथ-साथ बेरोजगार युवाओं के लिए मासिक भत्ते का ऐलान

वेलकम इंडिया नेटवर्क



**बंगाल।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को राज्य में दो चरणों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का घोषणापत्र जारी किया। लगातार चौथी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही बनर्जी ने कहा कि घोषणापत्र में उनके 10 'प्रतिज्ञाएं' शामिल हैं, जिन्हें आगामी चुनावों के बाद उनकी पार्टी के सत्ता में लौटने पर पूरा किया जाएगा। कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, टीएमसी सुप्रीमो ने कहा कि उनकी 10 प्रतिज्ञाएं राज्य के और विकास में सहायक होंगी।

उन्होंने केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार पर अपनी सरकार के खिलाफ 'षड्यंत्र' रचने का आरोप लगाते हुए हमला जारी रखा। बनर्जी ने कहा कि हम चुनावों के दौरान कई षड्यंत्र देखते हैं, लेकिन इस बार तो उन्होंने सारी हदें पार कर दी हैं। पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में चुनाव होंगे और मतगणना 4 मई को होगी। तृणमूल कांग्रेस के घोषणापत्र का मुख्य आधार दीदी के 10 वादे हैं, जिनमें कल्याण और विकास के वादे शामिल हैं। पार्टी ने लक्ष्मी भंडार योजना के तहत सहायता राशि में 500 रुपये की वृद्धि करने का वादा किया है, जिससे सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए मासिक सहायता राशि 1,500 रुपये और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति लाभार्थियों के लिए 1,700 रुपये हो जाएगी। पार्टी बेरोजगार युवाओं को बांग्लार युवा-साथी योजना के तहत 1,500 रुपये का मासिक भत्ता देना जारी रखेगी और भूमिहीन किसानों सहित किसानों को सहायता देने के लिए 30,000 करोड़ रुपये का कृषि बजट पेश करेगी।

घोषणापत्र में प्रत्येक परिवार के लिए पक्के मकान और सभी घरों में पाइप से पीने का पानी पहुंचाने का वादा किया गया है, साथ ही घर-घर जाकर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए वार्षिक 'दुआरे चिकित्सा' शिविर आयोजित करने का भी प्रावधान है। घोषणापत्र में आगे यह भी वादा किया गया है कि सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे का उन्नयन किया जाएगा, जबकि बंगाल को आधुनिक व्यवस्था और वैश्विक व्यापार केंद्र के साथ पूर्वी भारत के व्यापार केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

## गोवा में बड़ा डायरिया का प्रकोप, एक हफ्ते में 149 लोग बीमार, पानी में जहर का शक



वेलकम इंडिया नेटवर्क

**डाबोलिम।** दक्षिण गोवा जिले के डाबोलिम में एक आवासीय परिसर में एक सप्ताह के भीतर दस्त के 149 से अधिक मामले सामने आए हैं और पानी के दूषित होने को इस प्रकोप का मुख्य कारण माना जा रहा है। यह प्रकोप प्रभु वायलेटा आवासीय परिसर में देखा गया है, जिसमें लगभग 200 अपार्टमेंट हैं। निवासियों ने बिल्डर, प्रभु रियल्टर्स के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें परिसर के अंदर बिना उपचारित सीवेज को अवैध रूप से बहाने का आरोप लगाया गया है, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे में पड़ गया है। अधिकारियों ने बताया कि प्रभावित लोगों में बच्चे और बुजुर्ग निवासी शामिल हैं, जिनमें से कई ने उल्टी, निर्जलीकरण और पेट में तेज दर्द की शिकायत की है, और कई को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। कोर्टालिम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) द्वारा 14 मार्च से किए गए घर-घर सर्वेक्षण में 149 मामले सामने आए हैं, जिनमें 17 मार्च को सामने आए तीन मामले भी शामिल हैं। अधिकारियों ने इलाके के विभिन्न स्थानों से पानी के नमूने एकत्र किए हैं, जिनमें एक आवासीय फ्लैट, नल के पानी की आपूर्ति करने वाला भूमिगत टैंक, एक स्विमिंग पूल और बागवानी के लिए इस्तेमाल की जाने वाली उपचारित सीवेज लाइनें शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि दूषित पानी के कारण संक्रमण फैलने की आशंका है। गोवा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (जीएसपीसीबी) ने भी स्वतंत्र निरीक्षण और नमूना लेने का कार्य किया है। एहतियाती कदम के तौर पर, कोर्टालिम पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. तेजन लोटलिकर ने गुरुवार को बिल्डर को निर्देश दिया कि परीक्षण रिपोर्ट आने तक निवासियों को बोरवेल का पानी तुरंत बंद कर दिया जाए, क्योंकि यह संदूषण का संभावित स्रोत हो सकता है।

## संपादक की कलम से

# टिफिन बॉक्स

तेहरान की उस संकरी गली में सूरज की पहली किरण किसी मुजरिम की तरह दाखिल हुई थी। रोशनी का काम तो अंधेरा मिटाना है, लेकिन आज वह मलबे के ढेर पर एक सुराग ढूंढने आई थी—एक नीले रंग का स्कूल बैग और उसके बगल में पड़ा एक आधा मुड़ा हुआ स्टील का टिफिन बॉक्स। शहर के पुलिस रिकॉर्ड में यह शायद 'केस नंबर 165' था, लेकिन हकीकत में यह एक अधूरी 'लंच डेट' की फाइल थी। सुबह जब रसोई में धुएं के साथ मोहब्बत तैर रही थी, तब जहरा की अम्मी ने पराठे की परतों में मक्खन नहीं, अपनी बेटी के सुरक्षित भविष्य की रिश्वत भरी थी। आटे में नमक के साथ-साथ कुछ अनकही दुआएं भी गूंथी गई थीं। जहरा ने बस्ता टांगते हुए एक जासूस की फुर्ती से अपनी अम्मी को घेरा था—'अम्मी, आज मरियम जैतून का अचार ला रही है। हमारी सीक्रेट मीटिंग है, थोड़ा जल्दी पैक कर दो न!' अम्मी ने पल्लू से माथा पोंछते हुए एक रहस्यमयी मुस्कान दी, 'जा जालिम, पहले दुनिया तो देख ले, फिर अपनी सहेली के साथ दावत करना।' जहरा निकल गई। उसे नहीं पता था कि दुनिया देखने का मतलब उस आखिरी धमाके की दहला देने वाली रोशनी को अपनी पुतलियों में संजोकर रखना होगा। मलबे के ढेर के पास दो सिपाही खड़े थे। एक सिपाही पत्थर की मूरत बना उस नीले बस्ते को ताक रहा था, जैसे वह बस्ता नहीं, उसकी अपनी धड़कन हो जो कंक्रीट के नीचे दब गई है। दूसरा सिपाही, जो उम्र में छोटा था, भारी जूतों से मलबे को हटाते हुए बोला, 'चाचा, जरा हाथ बटाओ। ऊपर से हुक्म है कि सूरज ढलने से पहले यह रास्ता साफ हो जाना चाहिए। शहर को फिर से 'ज़िंदा' दिखाना है।' उम्रदराज सिपाही की आँखों में आँसू नहीं, एक डरावनी खुश्की थी। उसने झुककर उस आधे मुड़े हुए स्टील के टिफिन को उठाया। ढक्कन थोड़ा खुला था, जिससे मिट्टी में सनी हुई एक सूखी रोटी झांक रही थी। उसने कांपते हाथों से उस टिफिन को सीने से लगा लिया और फफक पड़ा, 'साफ तो तुम सड़क कर दोगे बेटा, पर इस जमीन के नीचे दबी उन चीखों का क्या करोगे जो ता-उम्र सुनाई देंगी? यह टिफिन... यह जहरा का है।' छोटा सिपाही ठिठक गया। उसकी हिम्मत नहीं हुई कि वह अपने सीनियर की आँखों में झांक सके। 'आज सुबह ही उसने ज़िद की थी कि अब्बू आज जल्दी घर आना,' बूढ़े सिपाही की आवाज मलबे की धूल में घुट रही थी। 'वो कह रही थी कि मरियम जैतून का अचार लाएगी, दोनों साथ बैठकर खाएंगी। मैं ड्यूटी पर था, मैंने बस सिर हिला दिया। मुझे क्या पता था कि जिस जमीन की हिफाजत की कसम मैंने खाई है, वही जमीन मेरी फूल सी बच्ची को निगल जाएगी।' उसने टिफिन के ढक्कन पर जमी धूल को अपनी वर्दी की आस्तीन से साफ किया। ₹देखो, इस पर उसका नाम खुदा है। ऑफिसर कहते हैं कि यह 'कोलेटरल डैमेज' है, एक मामूली नुकसान। पर कोई उनसे पूछे कि क्या एक बाप के कलेजे के टुकड़ों को भी अब कागजों पर 'नुकसान' लिखा जाएगा?' तभी पास की गली से एक जीप गुजरी, जिसका सायरन सन्नाटे को चीर रहा था। छोटा सिपाही बुदबुदाया, 'चाचा, लोग आ रहे हैं... हमें यह सब हटाना होगा। यह हुक्म है।' बूढ़े बाप ने जहरा का वो आखिरी निवाला (रोटी) मिट्टी से निकाला और उसे अपनी मुट्ठी में भींच लिया। उसने अपनी वर्दी की बेल्ट कसी, अपनी टोपी ठीक की और पत्थर दिल बनकर फिर से सिपाही बन गया। पर उसकी आँखों के कोटरों में अब भी वह नीली परछाई तैर रही थी। जिस हाथ ने सुबह अपनी बेटी को दुआएं देकर घर से विदा किया था, वही हाथ अब शाम को उसी की यादों के मलबे को कचरा समझकर रास्ते से साफ कर रहा था।



ललित शर्मा
संपादक

## मूरख की बस्ती



उदय कशोर साह

कविता

मूरख की बस्ती में मूरख है सरपंच
बिना बुलाये ही बन जाता ये पंच
खुद की गलती इनको नजर ना आता
औरों की गलती पे दोषी बना ठहराता

मूरख की बस्ती में मूरख बना अधिवक्ता
बिना डिग्री का बन जाता ये न्यायकर्त्ता
मूरखों की समाज में इनका मान सम्मान
इनके आगे नतमस्तक हो जाता विद्वान

मूरख की बस्ती में मूरख बना सिरमोर
किसी बात पे करता है ये बड़ी गौर
मछली बाजार जैसी मचाता है ये शोर
इनकी तर्क का कहाँ है कोई भी तोड़

मूरख की बस्ती में मूरख है चहुँओर
इनके हाथ में गाँव की है बागडोर
आपकी सेवा में मिलेगें रात हो या भोर
ज्ञानी भी करते स्वागत दोनों कर जोड़

मूरख की बस्ती में मूरख बड़ा सयाना
इनके नजर में फीका है नया जमाना
समझदार हो तो नजदीक से पहचाना
दूर से ही पाना है ज्ञान विज्ञान नजराना

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# शोर में डूबती सड़कें, बेकाबू बीट्स, बेहाल समाज



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका



सड़कें मूलतः लोगों और वाहनों के सुरक्षित तथा सुगम आवागमन के लिए बनाई जाती हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एक नई प्रवृत्ति ने इस मूल उद्देश्य को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। यह प्रवृत्ति है—मोबाइल डीजे और अत्यधिक तेज ध्वनि के साथ सड़कों पर निकलने वाले वाहन। शादी-ब्याह, जुलूस और विभिन्न आयोजनों के नाम पर चलने वाले ये डीजे अब केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रह गए हैं, बल्कि सार्वजनिक जीवन में अव्यवस्था और असुविधा का बड़ा कारण बनते जा रहे हैं। 100 से 120 डेसिबल तक की ध्वनि, जो इन डीजे सिस्टम से निकलती है, न केवल कानों के लिए हानिकारक है, बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी एक गंभीर खतरा उत्पन्न करती है। जब इतना तेज शोर आसपास गूंज रहा होता है, तो पीछे से आने वाले वाहन का हॉर्न तक सुनाई नहीं देता, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है।

ध्वनि प्रदूषण को अक्सर हम उतनी गंभीरता से नहीं लेते, जितनी अन्य प्रकार के प्रदूषण को, जबकि इसका प्रभाव सीधे हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। अत्यधिक तेज आवाज अस्थायी बहरेपन, सिरदर्द, चिड़चिड़ापन और लंबे समय में स्थायी श्रवण क्षति तक का कारण बन सकती है। सड़कों पर जब ये मोबाइल डीजे गुजरते हैं, तो राहगीर, दुकानदार, बुजुर्ग और बच्चे सभी इससे प्रभावित होते हैं। यह समस्या तब और गंभीर हो जाती है, जब ये वाहन उन क्षेत्रों से गुजरते हैं जहाँ शांति की सबसे अधिक आवश्यकता होती है—जैसे स्कूल, अस्पताल और लाइब्रेरी। एक कक्षा में पढ़ रहे बच्चों का ध्यान अचानक भंग हो जाना, अस्पताल में भर्ती मरीजों की नींद और आराम में बाधा आना, या लाइब्रेरी में पढ़ रहे छात्रों की एकाग्रता टूट जाना—ये सब केवल असुविधा नहीं, बल्कि हमारे सामाजिक ढांचे पर पड़ने वाला सीधा प्रभाव है।

तेज डीजे का असर केवल शारीरिक स्तर तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह सामाजिक व्यवहार को भी प्रभावित करता है। अक्सर देखा गया है कि ऐसे आयोजनों में, जहाँ तेज संगीत और भीड़ का माहौल होता है, वहाँ लोग सामान्य बातचीत तक नहीं कर पाते। संवाद की कमी और ध्वनि की तीव्रता मिलकर एक ऐसा वातावरण तैयार करती है, जिसमें छोटी-छोटी बातों पर विवाद होने लगते हैं।

जब इसमें नशे का तत्व जुड़ जाता है, तो स्थिति और भी जटिल हो जाती है। कई बार ये विवाद झगड़े, पुलिस शिकायतों और हिंसा तक पहुँच जाते हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि अत्यधिक तेज संगीत और नशा मिलकर एक ऐसा उत्तेजक माहौल बनाते हैं, जो लोगों के व्यवहार को असामान्य और आक्रामक बना सकता है।

कानून के स्तर पर देखें तो ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए स्पष्ट नियम मौजूद हैं। विभिन्न क्षेत्रों के लिए ध्वनि की सीमा तय की गई है, और रात के समय लाउडस्पीकर के उपयोग पर प्रतिबंध भी है। स्कूलों, अस्पतालों और अन्य संवेदनशील स्थानों के आसपास तो विशेष रूप से साइलेंस जोन घोषित किए गए हैं। इसके बावजूद, मोबाइल डीजे का खुलेआम इन नियमों का उल्लंघन करना एक सामान्य बात बन गई है। कई बार प्रशासनिक लापरवाही या सामाजिक दबाव के कारण इन पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाती। इससे यह संदेश जाता है कि नियम केवल कागजों तक सीमित हैं, और उनका पालन करना आवश्यक नहीं है।

इस पूरे मुद्दे में एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि लोग इसे अपने 'मनोरंजन का अधिकार' मानते हैं। निश्चित रूप से हर व्यक्ति को अपने जीवन के खुशी के अवसरों को मनाने का अधिकार है, लेकिन यह अधिकार तब तक ही उचित है, जब तक वह दूसरों के अधिकारों का उल्लंघन न करे। जब किसी का उत्सव दूसरे की शांति, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए समस्या बन जाए, तो वहाँ संतुलन आवश्यक हो जाता है। सड़कें सार्वजनिक स्थान हैं, और उनका उपयोग इस तरह होना चाहिए कि सभी को समान रूप से सुविधा मिल सके।

समाधान केवल सख्त प्रतिबंधों में नहीं छिपा है, बल्कि हमारी सोच और व्यवहार में बदलाव में भी है। तकनीकी रूप से ऐसे साउंड सिस्टम उपलब्ध हैं, जिनमें ध्वनि की सीमा को नियंत्रित किया जा सकता है। आयोजकों को ऐसे उपकरणों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

इसके साथ ही अनुमति प्रणाली को अधिक सख्त और पारदर्शी बनाना आवश्यक है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी आयोजन निर्धारित नियमों के भीतर ही हो। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लोगों में जागरूकता बढ़ाई जाए, ताकि वे यह समझ सकें कि अत्यधिक शोर केवल दूसरों के लिए ही नहीं, बल्कि उनके अपने स्वास्थ्य के लिए भी नुकसानदायक है।

सांस्कृतिक स्तर पर भी बदलाव की आवश्यकता है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि उत्सव का अर्थ केवल शोर और दिखावा नहीं होता। सच्ची खुशी वह होती है, जिसमें सभी लोग सहज और संतुलित रूप से शामिल हो सकें।

'जितना तेज, उतना बेहतर' की मानसिकता को बदलना होगा। बच्चों और युवाओं के लिए भी यह एक सीखने का विषय है। वे वही सीखते हैं जो वे अपने आसपास देखते हैं। यदि वे यह देखेंगे कि नियमों का पालन करना और दूसरों की सुविधा का ध्यान रखना सामान्य बात है, तो वे भी उसी दिशा में आगे बढ़ेंगे।

अंततः यह समस्या केवल प्रशासन या कानून की नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी की है। मोबाइल डीजे और अत्यधिक शोर का मुद्दा हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि हम अपने अधिकारों का उपयोग किस तरह कर रहे हैं और क्या हम दूसरों के अधिकारों का सम्मान कर रहे हैं।

एक सभ्य समाज की पहचान केवल उसके उत्सवों से नहीं, बल्कि उन उत्सवों को मनाने के तरीके से होती है। यदि हम सच में एक शांत, सुरक्षित और संवेदनशील समाज की कल्पना करते हैं, तो हमें अपने व्यवहार में संयम और जिम्मेदारी को स्थान देना होगा। वरना वह दिन दूर नहीं, जब हमारी ही बनाई हुई शोरगुल की दुनिया हमारे लिए असहनीय बन जाएगी।

# वैज्ञानिकों ने सूर्य के प्रकाश को ईंधन में बदलने का एक शक्तिशाली नया तरीका निकाला



डॉ विजय गर्ग
लेखक

एक उल्लेखनीय वैज्ञानिक सफलता में, शोधकताओं ने सूर्य के प्रकाश को उपयोगी ईंधन में परिवर्तित करने के लिए एक शक्तिशाली नई विधि का पता लगाया है। यह मानवता को स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा भविष्य की ओर एक कदम आगे बढ़ा रहा है। यह प्रगति वैश्विक ऊर्जा चुनौतियों से निपटने और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

इस खोज के केंद्र में फोटोकैटालिसिस नामक एक प्रक्रिया है, जो रासायनिक प्रतिक्रियाओं को ट्रिगर करने के लिए सूर्य की रोशनी का उपयोग करती है। वैज्ञानिक वर्षों से इस पद्धति का पता लगा रहे हैं, लेकिन हाल के शोध ने इसे अधिक कुशल और व्यावहारिक बनाने के बारे में हमारी समझ को काफी बेहतर बना दिया है।

यह नई सफलता कार्बन नाइट्राइड यौगिक, विशेष रूप से पॉलीहेप्टाज़िन इमिड्स नामक सामग्रियों के एक विशेष वर्ग पर केंद्रित है। इन सामग्रियों में दृश्यमान सूर्य के प्रकाश को अवशोषित करने और इसे रासायनिक ऊर्जा में परिवर्तित करने की अनूठी क्षमता होती है। इस ऊर्जा का उपयोग हाइड्रोजन जैसे स्वच्छ ईंधन के उत्पादन में किया जा सकता है, या यहां तक कि हानिकारक कार्बन डाइऑक्साइड को उपयोगी पदार्थों में परिवर्तित करने के लिए भी किया जा सकेगा।

इस खोज को वास्तव में शक्तिशाली बनाने वाली बात एक नई कम्प्यूटेशनल विधि की शुरूआत है, जो वैज्ञानिकों को यह बेहतर ढंग से भविष्यवाणी करने की अनुमति देती है कि इन सामग्रियों में परिवर्तन उनके प्रदर्शन को कैसे प्रभावित करते हैं। इससे पहले, शोधकताओं को इन यौगिकों की जटिल संरचना और व्यवहार को समझने में कठिनाई होती थी। अब, उन्नत मॉडलिंग तकनीकों के साथ, वैज्ञानिक अधिक कुशल सामग्रियों को तेजी से और अधिक सटीकता के साथ डिजाइन कर सकते हैं।

यह सफलता रोमांचक संभावनाएं खोलती है। उदाहरण के लिए, सूर्य की रोशनी का उपयोग सीधे हाइड्रोजन ईंधन बनाने में किया जा सकता है। यह एक स्वच्छ ऊर्जा स्रोत है जो जलने पर केवल पानी उत्सर्जित करता है। यह कार्बन डाइऑक्साइड को मूल्यवान रसायनों में परिवर्तित करके, जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मदद करके कार्बन उत्सर्जन को कम करने की आशा भी प्रदान करता है।

इसके अलावा, यह नवाचार नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के वैश्विक प्रयासों के अनुरूप है। चूंकि विश्व को बढ़ती ऊर्जा मांगों और पर्यावरणीय चिंताओं का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए ऐसी प्रगति एक हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य की दिशा में मार्ग प्रशस्त करती है।

हालाँकि, चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। इस प्रौद्योगिकी को बड़े पैमाने पर औद्योगिक उपयोग के लिए विकसित करने तथा लागत प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए आगे अनुसंधान और निवेश की आवश्यकता होगी। फिर भी, वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि यह खोज स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों की प्रगति में तेजी लाएगी।

'तरल सूर्य के प्रकाश' का सपना, सौर ऊर्जा को सीधे भंडारण योग्य, परिवहन योग्य ईंधन में परिवर्तित करना, एक बड़ी छलांग लगा है। मार्च 2026 तक, शोधकताओं ने दो अलग-अलग लेकिन पूरक सफलताएं हासिल कर ली हैं जो कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण में 'दक्षता अंतर' को संबोधित करती हैं।

पहले में बेहतर फोटोकैटेलिस्ट की पहचान के लिए एक शक्तिशाली नया कम्प्यूटेशनल फ्रेमवर्क शामिल है, जबकि दूसरे में एक 'आणविक स्पंज' पेश किया गया है जो प्राकृतिक सूर्य प्रकाश की स्थिति में कई चार्ज रखने में सक्षम है। उत्प्रेरक सफलताः पॉलीहेप्टाज़िन इमिड्स (पीएचआई) सौर ईंधन उत्पादन में सबसे महत्वपूर्ण बाधाओं में से एक ऐसी सामग्री ढूंढना है जो दृश्य प्रकाश को अवशोषित कर सके और बिना क्षय किए रासायनिक प्रतिक्रिया उत्पन्न कर सके। सेंटर फॉर एडवांस्ड सिस्टम्स अंडरस्टैंडिंग (सीएएसयूएस) के वैज्ञानिकों ने हाल ही में पॉलीहेप्टाज़िन इमिड्स (पीएचआई) नामक सामग्री वर्ग को अनुकूलित करने के लिए एक अभूतपूर्व कम्प्यूटेशनल विधि पेश की है।

पीएचआई क्यों मायने रखता हैः दृश्य प्रकाश अवशोषणः कई पारंपरिक उत्प्रेरकों के विपरीत, जो केवल यूवी प्रकाश पर प्रतिक्रिया करते हैं, पीएचआई को दृश्य स्पेक्ट्रम के साथ 'ट्यून' किया जाता है, जहां सूर्य की अधिकांश ऊर्जा रहती है। स्तरित 'ग्राफेन-जैसी' संरचनाः ये कार्बन नाइट्राइड सामग्री नाइट्रोजन युक्त आणविक छल्लों से बनी होती हैं जो इलेक्ट्रॉनों की गति को सुविधाजनक बनाती हैं।

लागत और सुरक्षाः वे गैर-विषाक्त, थर्मल रूप से स्थिर हैं, तथा पूर्व प्रयोगों में प्रयुक्त कीमती धातु उत्प्रेरकों (जैसे प्लैटिनम या इरिडियम) की तुलना में काफी सस्ते हैं। प्रकृति की नकल करनाः चार-चार्ज अणु जबकि उत्प्रेरक प्रतिक्रिया को गति देते हैं, ऊर्जा को रासायनिक बंधनों में 'बोतलबंद' किया जाना चाहिए। नेचर केमिस्ट्री में प्रकाशित एक अध्ययन में, बासेल विश्वविद्यालय के शोधकताओं ने एक विशेष अणु विकसित किया है जो प्रकाश संश्लेषण के दौरान पौधों द्वारा ऊर्जा को संभालने के तरीके की नकल करता है। 'चरणबद्ध' नवाचार प्राकृतिक प्रकाश संश्लेषण में, कोई पौधा केवल एक फोटॉन को पकड़कर ईंधन नहीं बनाता है; यह पानी को विभाजित करने या $CO_2$ को कम करने के लिए कई आवेश जमा करता है। बासेल टीम ने एक अणु बनाया जिसमें पांच जुड़े हुए घटक शामिल थे केंद्रः एक प्रकाश-संवेदनशील इकाई जो फोटॉन को पकड़ती है।

स्थानांतरणः प्रकाश की एक चमक के कारण एक पक्ष को इलेक्ट्रॉन (सकारात्मक आवेश) का नुकसान होता है और दूसरे पक्ष को नकारात्मक आवेश प्राप्त होता है। भंडारणः पिछले सिंथेटिक प्रयासों के विपरीत, जो इस आवेश को लगभग तुरंत खो देते थे, यह अणु प्रकाश की दूसरी चमक से प्रभावित होकर एक साथ चार आवेशों को संग्रहीत कर सकता है (दो सकारात्मक, दो नकारात्मक)। प्रभावः यह अणु पिछले प्रयोगशाला परीक्षणों की तुलना में बहुत कम प्रकाश तीव्रता के तहत काम करता है, जिसका अर्थ है कि यह अंततः वास्तविक दुनिया, बाहरी सूर्य की रोशनी के नीचे भी काम कर सकता है

यह अणु पिछले प्रयोगशाला परीक्षणों की तुलना में बहुत कम प्रकाश तीव्रता के तहत काम करता है, जिसका अर्थ है कि यह अंततः उच्च शक्ति वाले औद्योगिक लेजर के बजाय वास्तविक दुनिया, बाहरी सूर्य के प्रकाश के अंतर्गत कार्य कर सकता है। सूर्य के प्रकाश से लेकर 'सौर ईंधन' तक ये प्रगति 'परिपत्रिक कार्बन अर्थव्यवस्था' का मार्ग प्रशस्त कर रही है केवल बिजली उत्पन्न करने के बजाय, जिसका उपयोग तुरंत किया जाना चाहिए या भारी बैटरियों में संग्रहित किया जाना चाहिए, यह प्रौद्योगिकी निम्नलिखित को जन्म देती है हरा हाइड्रोजनः पानी को विभाजित करके (2H_2O \rightarrow 2H_1 + O_2)। सिंथेटिक सिन्गासः वायुमंडलीय उड2 को कार्बन-तटस्थ विमानन ईंधन और गैसोलीन के पूर्ववर्ती में परिवर्तित करना। हाइड्रोजन पेरोक्साइडः एक महत्वपूर्ण औद्योगिक रसायन जो टिकाऊ तरीके से उत्पादित होता है।

2026 के लिए आगे क्या है? अब ध्यान इस बात पर केंद्रित हो गया है कि 'क्या हम यह कर सकते हैं?' से हटकर 'क्या हम इसे बढ़ाते हैं? ईपीएफएल (एकोले पॉलिटेक्निक फेडेरेल डी लौसेन) ने हाल ही में इस महीने ट्रिपल-जंक्शन सौर कोशिकाओं के लिए 30.02% दक्षता रिकॉर्ड स्थापित किया है, इन नए भंडारण अणुओं के साथ उच्च दक्षता कैप्चर का एकीकरण सुझाव देता है कि औद्योगिक पैमाने पर सौर ईंधन संयंत्र पहले की तुलना में अधिक करीब हो सकते हैं।

# 1000 किमी बादलों की पट्टी ने तीन देशों को घेरे में लिया



स्नेहा सिंह
लेखिका

गुजरात, राजस्थान, दिल्ली-एनसीआर और अन्य उत्तर-पश्चिमी राज्यों में मौसम में अचानक बदलाव आया है। बुधवार शाम से मौसम बदला है। उत्तर भारत में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई है। वहीं गुजरात के तटीय इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। कई जगहों पर ओलावृष्टि के साथ तेज बारिश हुई है। मौसम विभाग ने बताया है कि अगले दो दिनों तक यह स्थिति बनी रहेगी। एक तरफ मार्च महीने में तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया था, वहीं अचानक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण ओलों के साथ बारिश शुरू हो गई। लोग जहां एसी की ठंडक का आनंद ले रहे थे, वहीं पूरा मौसम ठंडा हो गया है। गुजरात के कई जिलों में तेज बारिश ने असर दिखाया है। अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत पर बने इस वेस्टर्न डिस्टर्बेंस ने तीनों देशों के कई राज्यों और क्षेत्रों को प्रभावित किया है। इसके कारण मौसम में व्यापक बदलाव आया है। लगभग 1000 किमी लंबा यह वेस्टर्न डिस्टर्बेंस इस बार अधिक तूफानी होने की आशंका है। वर्तमान में स्थिति यह है कि दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत में मौसम में बड़ा बदलाव आया है। कुछ दिन पहले तक हल्की धूप और बसंत का आनंद देने वाला मौसम अचानक आक्रामक हो गया है। दूसरी ओर गुजरात के तटीय क्षेत्रों में अभी दो दिन मौसम तूफानी रहने और आंधी के साथ बारिश होने की चेतावनी दी गई है। जानकारों के अनुसार दिल्ली-एनसीआर और उसके आसपास के राज्यों में 21 मार्च तक 100 से 150 मिमी बारिश होने की संभावना है। अचानक मानसून जैसी स्थिति बन सकती है और गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। इस बारिश के कारण तापमान में भी उल्लेखनीय गिरावट आएगी। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और तेज बारिश की चेतावनी दी गई है। सामान्यतः मार्च में गर्मी शुरू हो जाती है और पश्चिम व उत्तर भारत में मौसम शुष्क रहता है। राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में गर्मी तेजी से बढ़ती है। उत्तर भारत में तापमान 30 डिग्री के आसपास रहता है, जबकि पश्चिम भारत में इस बार यह 40 डिग्री तक पहुंच गया था। लेकिन अब मौसम बदलने से तापमान 20 से 25 डिग्री तक गिर गया है। कई जगहों पर भारी बारिश हुई है और तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई है।

भारतीय मौसम विभाग ने आधिकारिक रूप से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का अलर्ट जारी किया है। 21 मार्च तक हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी दी गई है। साथ ही 50 से 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। देश के पश्चिमी तटीय क्षेत्रों में भी तेज हवाओं और बारिश की शुरूआत हो चुकी है। विशेषज्ञों का मानना है कि क्लाइमेट चेंज और ग्लोबल वार्मिंग का व्यापक प्रभाव पड़ रहा है। इसके कारण कई देशों के तापमान में अचानक बदलाव देखने को मिल रहा है। एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस ईरान से गुजरते समय कई क्षेत्रों में काले बारिश (क्रूड ऑयल जैसी वर्षा) की घटनाएं भी सामने आई थीं। तेल के कुओं में आग लगने से बने बादलों के कारण यह स्थिति बनी थी। यह वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आगे बढ़कर और अधिक शक्तिशाली हो गया है और अब अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत को प्रभावित कर रहा है। इसके कारण तापमान में बड़ा अंतर देखने को मिला है। दिल्ली सहित कई शहरों में तापमान 38 डिग्री तक पहुंच गया था, जिससे गर्मी की शुरूआत का अहसास हो रहा था। लेकिन अब वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के प्रभाव से मौसम अचानक ठंडा हो गया है। बादल, बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं के कारण तापमान में 10 से 12 डिग्री तक गिरावट आई है। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी शुरू हो गई है और हिमालय के आसपास भारी हिमपात की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि क्लाइमेट चेंज के कारण अप्रैल तक भी ऐसे हालात बने रह सकते हैं। तापमान में हो रहे अचानक बदलाव स्थिति को और गंभीर बना रहे हैं। चिंताजनक बात यह है कि इस मौसम बदलाव से किसानों को भारी नुकसान हो सकता है। कई फसलें कटाई के चरण में हैं या कटाई के लिए तैयार हैं, जिन्हें नुकसान का खतरा है। यदि अगले तीन दिनों में तेज बारिश और ओलावृष्टि होती है तो गेहूं सहित कई फसलों को नुकसान हो सकता है। गुजरात में भी तेज बारिश के कारण मूंगफली की फसल को नुकसान हुआ है। राजकोट में मंडी में रखी लगभग 1500 बोरी मूंगफली बारिश में बह गई। वाव-थराद में तेज हवाओं और बारिश के कारण तंबाकू की फसल को नुकसान हुआ है। इसके अलावा इसबगोल, सौंफ और अन्य फसलों को भी नुकसान पहुंचा है, जिससे किसानों को आर्थिक झटका लगेगा। कश्मीर, हिमाचल और अन्य हिमालयी राज्यों में यात्रा करने वालों को भी चेतावनी दी गई है। लोगों से 21 मार्च तक इन क्षेत्रों में यात्रा न करने और सुरक्षित रहने की अपील की गई है। भारी बर्फबारी, भूस्खलन और पेड़ गिरने से रास्ते बंद होने की आशंका है। आमतौर पर सर्दियों के अंत और गर्मी की शुरूआत में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस बनता है। लेकिन हाल के वर्षों में यह अधिक तीव्र और खतरनाक होता जा रहा है। इस बार ईरान से आया यह सिस्टम असामान्य रूप से बड़ा है। इस बार लगभग 1000 किलोमीटर लंबी बादलों की पट्टी बनी है, जिसने भारत के साथ अफगानिस्तान और पाकिस्तान को भी प्रभावित किया है। इस तरह की सीधी पट्टी में सिस्टम का बनना बहुत दुर्लभ है। सामान्यतः ये चक्राकार होते हैं, लेकिन इस बार यह सीधी रेखा में फैला हुआ है। विशेषज्ञों के अनुसार इसमें सीधी और कम दबाव वाली ट्रफ लाइनें हैं, जो हजारों किलोमीटर तक फैली हैं। चक्राकार संरचना न होने के कारण यह अधिक खतरनाक बन गया है। इससे भारी बारिश, तेज हवाएं और आंधी-तूफान की संभावना बढ़ गई है। हिमालय और पश्चिमी तटीय क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति के कारण यह सिस्टम उत्तर भारत में अधिक प्रभाव डाल सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और भविष्य में ऐसी घटनाएं और बढ़ सकती हैं। यह वेस्टर्न डिस्टर्बेंस इस बार अत्यधिक नमी लेकर आया है और मौसम की अनिश्चितता को दशार्ता है। यदि प्रदूषण कम नहीं हुआ और वनों की कटाई जारी रही, तो भविष्य में स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

# नवीन जिंदल ने डॉ. श्रॉफ्स चैरिटी आई हॉस्पिटल, नई दिल्ली में अभय ओसवाल कॉम्प्रिहेंसिव आई केयर सेंटर का उद्घाटन किया

डॉ. गोपाल चतुर्वेदी






**नई दिल्ली(वेलकम इंडिया)।** डॉ. श्रॉफ्स चैरिटी आई हॉस्पिटल (रडएल्ट) ने दरियागंज स्थित अपने परिसर में अभय ओसवाल कॉम्प्रिहेंसिव आई केयर सेंटर का उद्घाटन किया। यह केंद्र अरुणा अभय ओसवाल ट्रस्ट (AAOT) और लॉयंस क्लब इंटरनेशनल फाउंडेशन के सहयोग से स्थापित किया गया है, जो उच्च गुणवत्ता वाली नेत्र देखभाल तक पहुंच बढ़ाने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे लोकसभा सांसद नवीन जिन्दल माननीय सांसद, विशेष अतिथि के रूप में सावित्री जिन्दल तथा अतिथि-विशेष के रूप में डॉ. अरुणा अभय ओसवाल उपस्थित रहीं। अतिथियों का स्वागत करते हुए, रडएल्ट के उएड डॉ. उमंग माथुर ने नेत्र रोगों के बढ़ते बोझ और सुलभ, प्रभावी एवं मरीज-केंद्रित देखभाल की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वर्गीय अभय ओसवाल की दूरदर्शी सोच का भी उल्लेख किया, जिनकी स्वास्थ्य सेवाओं को व्यापक स्तर पर पहुँचाने की प्रतिबद्धता आज भी प्रेरणा देती है। नवस्थापित ओपीडी प्रतिदिन लगभग 300 मरीजों की सेवा करने के लिए डिजाइन की गई है, जिससे प्रतिवर्ष लगभग 1,00,000 मरीजों को लाभ मिलेगा और समय पर जांच एवं उपचार की सुविधा में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। लायंस इंटरनेशनल के तकनीकी सलाहकार डॉ. कुलदीप डोले ने केंद्र की रणनीतिक योजना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसमें मरीजों के प्रतीक्षा समय को कम करने और सेवाओं की समग्र दक्षता बढ़ाने के लिए आधुनिक प्रणालियाँ और प्रक्रियाएँ शामिल की गई हैं। डॉ. अरुणा अभय ओसवाल ने कहा कि स्वर्गीय अभय ओसवाल की करुणामयी दृष्टि और स्वास्थ्य सेवा के प्रति नवाचारी सोच हमें निरंतर प्रेरित करती है। डॉ. श्रॉफ्स चैरिटी आई हॉस्पिटल हमारे ट्रस्ट का एक स्वप्न परियोजना रहा है, जो सभी



के लिए उच्च गुणवत्ता वाली नेत्र देखभाल उपलब्ध कराने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमें ऐसे प्रयासों के माध्यम से उनकी विरासत को आगे बढ़ाने पर गर्व है, जो लोगों के जीवन में सार्थक और स्थायी प्रभाव डालते हैं। लोकसभा संसद नवीन जिंदल ने कहा कि डॉ. श्रॉफ्स चैरिटी आई हॉस्पिटल ने हमेशा उत्कृष्ट नेत्र सेवाएं प्रदान करते हुए अपने संस्थापकों के मूल्यों को बनाए रखा है। मैं इसके नेतृत्व को इस गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाने के लिए बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि अभय ओसवाल कॉम्प्रिहेंसिव आई केयर सेंटर को समग्र नेत्र सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।जिसमें आधुनिक तकनीक और मरीज-केंद्रित देखभाल का समावेश है। यह केंद्र विशेष रूप से वंचित और कमजोर वर्गों के लिए दृष्टि संबंधी रोगों के शीघ्र निदान, उपचार और रोकथाम को मजबूत करेगा। डॉ. श्रॉफ्स चैरिटी आई हॉस्पिटल 1926 में स्थापित, रडएल्ट भारत के प्रमुख नेत्र चिकित्सा संस्थानों में से एक है, जो समान और उच्च गुणवत्ता वाली नेत्र सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह नवाचार और स्थायी उपायों के माध्यम से रोके जा सकने वाले अंधत्व को कम करने पर विशेष ध्यान देता है।

## अरुणा अभय ओसवाल ट्रस्ट (AAOT)

'नर्चरिंग लाइव्स' के अपने मिशन के तहत, AAOT स्वास्थ्य, शिक्षा और सामुदायिक विकास के क्षेत्रों में प्रभावशाली पहल का समर्थन करता है।

## लायंस क्लब्स इंटरनेशनल फाउंडेशन (LCIF)

लायंस क्लब्स इंटरनेशनल की परोपकारी शाखा के रूप में, LCIF वैश्विक मानवीय प्रयासों का समर्थन करता है, जिसमें इसका प्रमुख कार्यक्रम Sight First शामिल है, जो विश्वभर में नेत्र देखभाल प्रणालियों को मजबूत करता है। यह सहयोग उच्च गुणवत्ता वाली नेत्र सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने और विशेष रूप से वंचित समुदायों के स्वास्थ्य परिणामों में स्थायी सुधार लाने की दिशा में एक संयुक्त प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# हापुड़ पुलिस की कार्रवाई: जानलेवा हमले के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बाबूगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ग्राम मुबारिकपुर सलामतपुर निवासी कुलदीप पर हुए जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहे एक नामित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, उक्त घटना के संबंध में थाना बाबूगढ़ में दर्ज मुकदमा संख्या 83/25 धारा 109, 115(2), 118(1), 352, 351(3) बीएनएस के तहत कार्रवाई की जा रही थी। इसी क्रम में पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी को उसके गांव मुबारिकपुर सलामतपुर से गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शेखर पुत्र धर्मवीर निवासी ग्राम मुबारिकपुर सलामतपुर, थाना बाबूगढ़, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।इस गिरफ्तारी में थाना बाबूगढ़ पुलिस टीम की अहम भूमिका रही, जिसमें उपनिरीक्षक ओमकार गंगवार एवं कांस्टेबल आशिष शर्मा शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

# कई वर्षों बाद जिला बिजनौर में आयोजित स्काउट-गाइड राज्य पुरस्कार जांच शिविर



नितिन शर्मा

**नूरपुर(वेलकम इंडिया)।** आर. आर. पब्लिक स्कूल, नूरपुर में स्काउट एवं गाइड राज्य पुरस्कार जांच शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ। उल्लेखनीय है कि कई वर्षों बाद यह शिविर जिला बिजनौर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता, बृजेश कुमार (सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त, मंडल मुरादाबाद) एवं उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह के आगमन एवं स्वागत के साथ किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में अमित कुमार शुक्ला (सहायक परीक्षक, सिद्धार्थ नगर), नरवंत कौर (मुख्य परीक्षक, रामपुर) एवं गीता रानी (सहायक परीक्षक, शामली) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन, स्वागत भाषण एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात स्काउट एवं गाइड छात्रों ने मार्च पास्ट, शपथ ग्रहण एवं मशाल मार्च के माध्यम से अनुशासन एवं एकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि द्वारा हरी झंडी दिखाकर शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम की सफलता में ऋतु रानी (जिला संगठन आयुक्त, गाइड), जीवन सिंह, अजय सिंह, सुशांत मेहरा सहित समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इस शिविर में आर. आर. पब्लिक स्कूल, नूरपुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बिजनौर, आर.जे.पी. इंटर कॉलेज, बिजनौर, कन्या इंटर कॉलेज, बिजनौर, विदुर गुरु गृह इंटर कॉलेज, विदुरकुटी (बिजनौर), स्वामी सच्चिदानंद स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोविंदपुर खारी (बिजनौर) एवं एन.डी.के.वी., नजीबाबाद के स्काउट एवं गाइड प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

# हापुड़ की लेडी सिंघम महिला थाना प्रभारी अरुणा राय ने महिलाओं को किया जागरूक



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में मिशन शक्ति द्वितीय चरण की हुई शुरूआत, हापुड़ की लेडी सिंघम महिला थाना प्रभारी अरुणा राय 24 घंटे से लगातार पड़ रही बारिश में भी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाती हुई नजर आ रहीं हैं स्कूल समय में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर सड़क पर उतरीं महिला थाना प्रभारी।

महिला थाना प्रभारी ने मिशन शक्ति द्वितीय चरण की शुरूआत को लेकर शहर की गलियों से लेकर सड़कों तक अपनी टीम के साथ मिलकर चलाया अभियान स्कूल आते जाते छोटी मासूम बच्चियों से लिया फीडबैक साथ ही महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर सरकार द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबरों और अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से दी जानकारी बारिश में अपनी जिम्मेदारी को निभा रही थाना प्रभारी अरुणा राय नजर आ रही।

# 'नव निर्माण के नौ वर्ष' पर हापुड़ में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम, अटल पार्क में 18 से 26 मार्च तक आयोजन




राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, लखनऊ के तत्वावधान में जनपद हापुड़ में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जा रही है।कार्यक्रम के अंतर्गत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा भेजे गए सांस्कृतिक दल–श्रीमंत जे.एन.डी. लोक कलामंच, लखनऊ एवं रिपीट ग्रुप श्रीमंत अरविंद पपेट ग्रुप, हापुड़–कठपुतली एवं लोक प्रस्तुतियों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।यह आयोजन जनपद मुख्यालय स्थित अटल पार्क (गढ़ रोड, तहसील हापुड़ के निकट) में 18 मार्च 2026 से 26 मार्च 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। जिला प्रशासन एवं सूचना विभाग के समन्वय से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिदिन सायं 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक दो फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जा रहा है।इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने परिवार सहित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं फिल्मों का आनंद लें तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें।

# स्व.मनीष चौबे की प्रथम पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि सभा आयोजित



संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** साइंस सिटी अपार्टमेंट खजूरी में शुक्रवार को महानगर उद्योग व्यापार समिति के पूर्व युवा अध्यक्ष एवं समाजसेवी स्वर्गीय मनीष चौबे की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर स्वर्गीय मनीष चौबे के पिता सतीश चौबे ने नम आंखों से अपने पुत्र को स्मरण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए उपस्थित जनों के बीच भावुक वातावरण रहा और सभी ने उनके व्यक्तित्व एवं कार्यों को याद किया। महानगर उद्योग व्यापार समिति के मुख्य संरक्षक आर.के. चौधरी एवं अध्यक्ष श्रीनारायण खेमका ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय मनीष चौबे सदैव व्यापारियों के हितों के लिए अग्रिम पंक्ति में खड़े रहे उन्होंने व्यापारिक संघर्षों में सक्रिय भूमिका निभाई तथा समाजसेवा के क्षेत्र में भी निरंतर योगदान दिया। उनका जीवन संघर्ष, सेवा और समर्पण का प्रतीक था जिसे भुलाया नहीं जा सकता। महामंत्री अशोक जायसवाल एवं सोमनाथ विश्वकर्मा ने कहा कि स्वर्गीय मनीष चौबे अत्यंत सरल, विनम्र और नेकदिल व्यक्तित्व के धनी थे। दूसरों की सहायता करना, सभी के सुख-दुख में साथ खड़ा रहना और बिना किसी भेदभाव के समाज के लिए कार्य करना उनके स्वभाव का अभिन्न हिस्सा था वे युवाओं के लिए प्रेरणा थे और उनका सहज व्यवहार सभी के दिलों में आज भी जीवित है। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय मनीष चौबे का व्यक्तित्व ऐसा था जिसमें नेतृत्व, संवेदनशीलता, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीयता का अद्भुत समन्वय दिखाई देता था उनका जीवन समाज के लिए समर्पित रहा और उनकी स्मृतियाँ सदैव प्रेरणा देती रहेंगी। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से युवा के महामंत्री देवांश चौबे, राहुल मेहता, अजय गुप्ता, नीरज पारेख, रजनीश कनौजिया, पंकज अग्रवाल, गोकुल शर्मा, संजय साहू, हृदय गुप्ता, मनीष गुप्ता, सुजीत गुप्ता, राम भजन अग्रहरि, कौशल तिवारी, गौरव जायसवाल, सत्य प्रकाश सराफ, मोहित अग्रहरि, शैलेश गुप्ता बम बम, प्रतीक शर्मा, ज्ञानू गुप्ता, तुषार दुबे, आशीष जायसवाल पारिवारिक सदस्य प्रमोद चौबे, दिलीप चौबे, नीरज चौबे, मयंक चौबे सहित इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# बारिश में भी डटी रहीं 'लेडी सिंघम' अरुणा राय, मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जनपद में महिला सुरक्षा और जागरूकता को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा राय एक बार फिर अपने कर्तव्यनिष्ठ कार्यों को लेकर चर्चा में हैं।

लगातार 24 घंटे से हो रही बारिश के बावजूद उन्होंने महिला पुलिस बल के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं और छात्राओं को



जागरूक किया। मिशन शक्ति द्वितीय चरण की शुरूआत के साथ ही अरुणा राय ने अपनी टीम के साथ शहर की गलियों और मुख्य सड़कों पर अभियान चलाया।

इस दौरान उन्होंने स्कूल आने-जाने वाली छात्राओं से बातचीत कर उनकी सुरक्षा संबंधी फीडबैक लिया और उन्हें आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

महिला थाना प्रभारी ने महिलाओं और छात्राओं को सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबरों और सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करें, ताकि समय रहते मदद पहुंचाई जा सके।

बारिश जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों में भी पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी निभा रहीं अरुणा राय ने यह साबित कर दिया कि कर्तव्य के प्रति समर्पण ही सच्ची सेवा है।

उनके इस कार्य की शहरवासियों द्वारा सराहना की जा रही है और वे आम जनता के लिए एक मिसाल बनकर उभरी हैं।

# अलविदा जुमा की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न, पुलिस रही मुस्तैद



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अलविदा जुमा की नमाज को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जनपद पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमण किया और प्रमुख मस्जिदों पर मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।नमाज के दौरान पुलिसकर्मियों ने आमजन को सुरक्षा का अहसास कराया, जिससे लोग बिना किसी भय के शांतिपूर्वक इबादत कर सके। विशेष रूप से संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था।

# नवसृजन साहित्यिक संस्था ने मनाया सप्तम नूतन भारद्वाज स्मृति काव्यांजलि समारोह

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**रुड़की।** नव सृजन साहित्यिक संस्था रुड़की के तत्वाधान में उत्तराखंड के संस्कृत शिक्षा निदेशक रहे डॉ आनन्द भारद्वाज की धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती नूतन भारद्वाज की स्मृति में सप्तम साहित्यिक स्मृति समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर के वरिष्ठ साहित्यकार सुबोध पुंडीर 'सरित' ने की तथा संचालन उदीयमान शायर पंकज त्यागी 'असीम' ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तराखंड के नवनियुक्त मंत्री प्रदीप बत्रा विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलपति डॉ. श्रीगोपाल नारसन, कवि किसलय क्रांतिकारी, वरिष्ठ साहित्यकार नरेश राजवंशी, डॉ. दिनेश त्रिपाठी एवं बेंगलुरु से पधारी लोक गीतकार श्रीमती सुनीता सैनी 'गुड्डी' ने सुशोभित किया। कार्यक्रम का






शुभारंभ अतिथिगण द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि के साथ हुआ। सभी ने स्वर्गीय नूतन भारद्वाज जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कवियित्री अल्का घनशाला द्वारा मॉ सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। नवनियुक्त मंत्री प्रदीप बत्रा व डॉ. आनंद भारद्वाज व उनके समस्त पारिवारिक सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से सभी अतिथियों एवं कविगण का, शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस वर्ष का 'नूतन श्री' साहित्यिक पुरस्कार बेंगलुरु से पधारी लोक गीत गायिका श्रीमती सुनीता सैनी गुड्डी को प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न विधा के कवियों ने अपनी काव्य रचनाओं के द्वारा स्वर्गीय नूतन भारद्वाज जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। डॉक्टर वंदना भारद्वाज ने जब मॉ के ऊपर अपनी एक कविता सुनाई तो वह स्वयं भी भावुक हो गई और पूरे सदन को भी भावुक कर दिया। डॉ. आनंद भारद्वाज ने पत्नी पर केंद्रित भावपूर्ण कविता सुनाई तो डॉ. श्री गोपाल नारसन ने कुछ यूं कहा, 'बोलती है वह जाकर नही आता कोई, सबकुछ मिथ्या है केवल विधाता सही' जबकि पंकज गर्ग ने विरह गीत गाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। सुनीता सैनी 'गुड्डी' ने कौरवी भाषा मे पुरूष वेदना का लोकगीत सुनाकर भावविभोर कर दिया।

गीतकार सुरेंद्र सैनी व पंकज त्यागी 'असीम' की रचनाएं भावपूर्ण और प्रभावशाली रही। कार्यक्रम में जिन कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की उनमें नरेश राजवंशी, कृष्ण सुकुमार, डॉ. घनश्याम 'बादल', किसलय क्रांतिकारी, सुबोध पुंडीर 'सरित', डॉ. दिनेश त्रिपाठी, डॉ अनिल शर्मा, नवीन शरण निश्चल, सौ सिंह सैनी, राजेंद्र चौहान, अरविंद शर्मा, मुकेश वशिष्ठ, श्रीमती अर्चना त्यागी, श्रीमती अनुपमा शर्मा, श्रीमती अनुपमा गुप्ता एवं अनिल वर्मा अमरोहवी आदि शामिल है। कार्यक्रम के अंत में इंजीनियर अभिषेक भारद्वाज ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# महामहिम राष्ट्रपति ने किया रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम चैरिटेबल अस्पताल के नवीन ब्लॉक के शिलापट्ट का अनावरण

**मनोज शर्मा**

**मथुरा(वेलकम इंडिया)।** महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु एवं महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल का वृन्दावन स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम (चैरिटेबल अस्पताल) पर आगमन हुआ। महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी का स्वागत रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के श्रीमत स्वामी विमलात्मानंद जी महाराज, स्वामी सुप्रकाशानंद जी महाराज एवं स्वामी कालीकृष्णानंद जी महाराज ने पुष्पगुच्छ देकर किया।

महामहिम राष्ट्रपति ने रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम चैरिटेबल अस्पताल के नवीन 'नंद किशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक' की शिलापट्ट का अनावरण किया। महामहिम राष्ट्रपति ने फीता काटकर नंद किशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात महामहिम राष्ट्रपति एवं महामहिम राज्यपाल ने रामकृष्ण परमहंस जी, श्रीमती शारदा देवी जी एवं स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र के समक्ष पुष्पार्पण किया। पुष्पार्पण के उपरांत महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु एवं महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल रामकृष्ण सेवाश्रम चैरिटेबल अस्पताल के परिसर में स्थित सभागार पहुंची। सभागार में आयोजित






कार्यक्रम में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, माननीय मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें लक्ष्मी नारायण चौधरी, माननीय प्रभारी मंत्री/माननीय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा विभाग संदीप सिंह , श्रीमत स्वामी विमलात्मानंद महाराज एवं एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (एचडीएफसी एएमसी) के प्रबंध निदेशक/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी नवनीत मुनोट ने दीप प्रज्जवलित किया। कार्यक्रम में महामहिम राष्ट्रपति जी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि पवित्र वृन्दावन धाम में रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम चेरिटेबल अस्पताल में नवनिर्मित नंद किशोर सोमनी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का उद्घाटन कर मुझे संतोष महसूस हो रही है। वृन्दावन की पावन धरा दिव्यता और भक्ति का जीवंत अनुभव है, जहां प्रत्येक कड़-कड़ में भगवान श्री कृष्ण जी की लीलाओं की गूंज सुनाई देती है। वृन्दावन वही पवित्र भूमि है, जो सदियों से संतो एवं भक्तों को आध्यात्मिक चेतना प्रदान करती आ रही है। यह पवित्र भूमि निस्वार्थ प्रेम, करुणा और भक्ति की शास्वत संदेश को देश-विदेश में प्रसारित करती हैं। महामहिम राष्ट्रपति जी ने कहा कि रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम चेरिटेबल अस्पताल आध्यात्मिक चेतना और मानवीय सेवा के संगम का सशक्त प्रतीक है। रामकृष्ण मिशन ने यह संदेश दिया है कि प्रेम, सेवा और करुणा ईश्वर को खोजने का सर्वप्रथम मार्ग हैं। रामकृष्ण परमहंस जी के आदर्शों का अनुसरण करते हुए यह संगठन उनके संदेशों को अपने कर्म और आचरण से साकार कर रही है। पिछले 118 वर्षों से रामकृष्ण मिशन लोगों की निष्ठापूर्वक सेवा कर रही है। जनहित के कार्य कर रामकृष्ण मिशन ने यह सिद्ध किया है कि सच्ची सेवा, निष्ठा और करुणा में आध्यात्मिकता की वास्तविक अभिव्यक्ति है। मानवसेवा की सेवा यात्रा में ऑनकॉलजी ब्लॉक का शुभारंभ एक विशेष पड़ाव के रूप में साबित होगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों के माध्यम से कैंसर रोगियों को सही, सुरक्षित और प्रभावी उपचार मिलेगा। कैंसर आज सबसे गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है। समय पर रोग की पहचान और रोग का उच्चस्तरीय उपचार मिलने से रोगी का जीवन बचाने में निर्णायक सिद्ध हो सकती है। आज भारत अपने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने और प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और ठोस कदम उठा रही है। आयुष्मान भारत जैसे ऐतिहासित योजना के माध्यम से करोड़ों नागरिकों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कैंसर के इलाज को भी कवर किया जा रहा है, जिससे गरीब और जरूरतमंदों को लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने वृंदावन की पावन धरा को सेवा एवं करुणा की भूमि बताते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के आदर्श को रामकृष्ण मिशन ने 118 वर्षों से साकार किया है। उन्होंने कहा कि एक छोटे सेवा केंद्र से 400 बेड के बहु-विशेषता अस्पताल तक की यात्रा सेवा के विराट स्वरूप का उत्कर्ष है। महामहिम राज्यपाल जी ने कहा कि जब चिकित्सा विज्ञान मानवता के कल्याण हेतु समर्पित होता है, तब वह जीवन के पुनर्निर्माण का माध्यम बन जाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह ऑन्कोलॉजी ब्लॉक असंख्य मरीजों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने इस पुनीत कार्य में संलग्न सन्यासियों, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, स्वास्थ्य कर्मियों तथा दानदाताओं के योगदान की सराहना की। स्वामी कालीकृष्णानंद जी महाराज ने अवगत कराया है कि रामकृष्ण मिशन द्वारा संचालित रामकृष्ण सेवाश्रम चैरिटेबल हॉस्पिटल विगत 118 वर्षों से मथुरा एवं आसपास के क्षेत्रों के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को निरंतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा है। वर्तमान में यह अस्पताल 400 बेड का बहु-विशेषता (मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी) संस्थान बन चुका है, जहाँ कॉपोरेट स्तर की चिकित्सा सेवाएं भी अत्यंत किफायती एवं धर्मार्थ दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम किफायती दरों पर कॉपोरेट अस्पताल जैसी सेवाएं प्रदान करता है। यह अस्पताल सुनिश्चित करता है कि सबसे गरीब और जरूरतमंद लोगों तक सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली सेवाएं पहुंचें। वर्ष 2017 में अस्पताल में ऑन्कोलॉजी विभाग की स्थापना की गई, जिसके अंतर्गत आधुनिक कैंसर सर्जरी, कीमोथेरेपी तथा इम्यूनोथेरेपी जैसी उन्नत सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। सम्पूर्ण कैंसर उपचार, विशेषकर रेडियोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु एक अत्याधुनिक समर्पित भवन 'नंद किशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक' का निर्माण किया गया है, जिसका लोकार्पण आज दिनांक 20 मार्च 2026 को महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा किया गया। यह तीन मंजिला भवन विशेष रूप से कैंसर उपचार के लिए विकसित किया गया है। यह नवीन पहल मथुरा एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों को सुलभ, किफायती एवं विश्वस्तरीय कैंसर उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी। नंद किशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिसमें ट्रूबीम विद हाइपरआर्क, हैल्सियन विद हाइपरसाइट, ब्रैकीथेरेपी, रेडियोथेरेपी सीटी सिम्युलेटर, ऑन्कोलॉजी ओपीडी, कीमोथेरेपी डे-केयर यूनिट, ऑन्कोलॉजी फामेर्सी, ट्यूमर बोर्ड कॉन्फ्रेंस हॉल, ड्‍यूटी डॉक्टर कक्ष, ऑन्कोलॉजी जनरल वार्ड, निजी कक्ष (प्राइवेट केबिन),
दो अत्याधुनिक पूर्णतः मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर ट्रूबीम विद हाइपरआर्क, हैल्सियन विद हाइपरसाइट तथा ब्रैकीथेरेपी जैसी उन्नत तकनीकों से युक्त है।

## टीईटी के विरोध में 4 अप्रैल को दिल्ली कूच करेंगे शिक्षक, बैठक में बनी रणनीति



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा(चौमुहाँ)।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ, ब्लॉक इकाई चौमुहाँ की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक के शिक्षकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया और आगामी 4 अप्रैल 2026 को टीईटी के विरोध में दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले प्रदर्शन में शामिल होने का निर्णय लिया। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि टीईटी के विरोध में यह एक निर्णायक आंदोलन होगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुँचने का आह्वान किया ताकि सरकार तक उनकी आवाज मजबूती से पहुँच सके।

बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण ने की। इस दौरान मण्डल उपाध्यक्ष बदन सिंह यादव, ब्लॉक मंत्री सिद्धार्थ कुमार, ब्लॉक कोषाध्यक्ष ज्योतिवीर सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष दीप्ति वर्मा, संयुक्त मंत्री सतीश चन्द के अलावा प्रताप सिंह, मंजू राजपूत, योगेन्द्र कुमार, नागेन्द्र चिकारा एवं उपेन्द्र मोहन शर्मा सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## शबरी सी प्रतीक्षा में बृजवासी, इंद्र देव भी प्रसन्न, मुकुट मुखारविंद मन्दिर ने की भव्य सजावट





**स्वतंत्र कौशिक**

**गोवर्धन(वेलकम इंडिया)।** यह सर्वविदित है कि किस तरह माता शबरी ने भगवान राम के आने की प्रतीक्षा की, इसी प्रकार पिछले एक माह से बृजवासी महामहिम राष्ट्रपति माननीया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की प्रतीक्षा में है। मथुरा वृंदावन गोवर्धन को इस तरह सजाया गया है कि मन में स्वतः ही धुन बजती है राम आयेंगे तो अंगना संजाउंगी। जिला प्रशासन ने युद्ध स्तर पर तैयारियों को अंजाम दिया है, सभी नगर पंचायतों ने, नगर निगम ने और एक एक कर्मचारी ने अपना बहुमूल्य योगदान देकर बृज को महामहिम की अगवानी हेतु तैयार किया है, इस तरह की व्यवस्था जन्माष्टमी, गुरु पूर्णिमा एवं गोवर्धन पूजा की तैयारियों से भी उत्कृष्ट है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष ही माननीया का मथुरा में एक दौरा हो चुका है लेकिन किसी भी राष्ट्रपति का गोवर्धन तलहटी में यह प्रथम आगमन है, और इस समय इंद्र देव भी बृज रज को अपनी वर्षा से तर कर रहे हैं और पर्यावरण को और ज्यादा सुंदर बना दे रहे हैं। हर चौक, चौराहा, रास्ता अनोखे रूप में सजाया गया है। इस सब तैयारी को देखते बृजवासी यह कहने लगे हैं कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री जैसे महत्वपूर्ण लोगों को बृज में आना चाहिए उससे बृज का महत्व पूरे विश्व में फैलेगा और उनके आने से सुविधाएं भी दुरुस्त होती रहेंगी।

## रूदौली में आज से शुरू हुआ माँ कामाख्या धाम महोत्सव, 251 कन्याओं का सामूहिक विवाह भी



**फतेह खान**

**रूदौली(वेलकम इंडिया)।** रूदौली विधानसभा क्षेत्र में आज से माँ कामाख्या धाम महोत्सव 2.0 का भव्य शुभारंभ हो गया है। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह कन्या पूजन के साथ हुई। पहले दिन मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 251 कन्याओं का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शुभ विवाह संपन्न कराया जा रहा है। महोत्सव को लेकर पूरे परिसर में उत्सव का माहौल है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आयोजन स्थल पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।विधायक रामचंद्र यादव द्वारा पूर्व में स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया था। यह सात दिवसीय महोत्सव 26 मार्च तक चलेगा, जिसमें भजन संध्या, लोक कला कार्यक्रम और विशाल दंगल जैसे कई आकर्षक आयोजन होंगे। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, व भाजपा के सभी कार्यकर्ता मौजूद।

## श्री राम इंटरनेशनल के दो बच्चो का जवाहर नवोदय मे चयन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**गरुड़।** गरुड़ तहसील क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्री राम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल गरुड़ के दो विद्यार्थियों ने जवाहर नवोदय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा मे सफलता प्राप्त की है।

श्री राम के छात्र मोहित गोस्वामी व छात्रा तानिया भंडारी ने इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। बच्चो की सफलता पर विद्यालय की प्रधानाचार्य आशा पाण्डे ने इसे शिक्षकों, बच्चो व अभिभावको की कठिन मेहनत का परिणाम बताया है।

इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक राजेंद्र गोस्वामी, नेहा, प्रियंका, पुष्पा गोस्वामी, मनीषा आदि ने खुशी व्यक्त की है। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यालय में छात्रों को अधिगम प्रणाली को छात्रों की मंशानुसार उनके सीखने की प्रवृति और विषय को अधिक रोचक बनाने हेतु बच्चों में विद्याध्ययन के साथ साथ नैतिक मूल्यों का विकास कर छात्रों का उचित मार्गदर्शन कर बेहतर शिक्षण प्रदान करने को विद्यालय परिवार की प्रमुख जिम्मेदारी बताया।उन्होंने सभी अभिभावकों से विद्यालय में उच्च शिक्षण व्यवस्था बनाए रखने हेतु नए सत्र से पूर्व अपने बच्चों का विद्यालय में पंजीकरण कराने की अपील की है।

## गिट्टी लदा ट्रक ट्राला पलटा, बड़ा हादसा टला



**फतेह खान**

**रूदौली(वेलकम इंडिया)।** रूदौली कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत भेलसर टिकैत नगर मार्ग मुस्काबाद गांव के समीप शुक्रवार को गिट्टी से लादकर ले जा रहा था तभी अचानक अनियंत्रित होकर ट्रक गड्ढे में पलट गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ग्रामीणों के अनुसार, हल्की बारिश के चलते सड़क पर जमा चिकनी मिट्टी हादसों का मुख्य कारण बन रही है। बारिश होते ही यह मिट्टी कीचड़ में बदल जाती है, जिससे सड़क फिसलन भरी हो जाती है और चार पहिया व दोपहिया वाहनों का चलना बेहद मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क की सफाई और मरम्मत की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

## गोवर्धन परिक्रमा मार्ग गोविन्द कुण्ड,आन्यौर में हुआ 'नमो वृक्षेभ्यः' वृक्षारोपण महोत्सव का आयोजन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा(गोवर्धन)।** परिक्रमा मार्ग में आन्यौर स्थित श्रीगोविन्द कुण्ड में 19 से 22 मार्च 2026 को 'नमो वृक्षेभ्यः' नामक वृक्षारोपण महोत्सव आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम वल्लभ संप्रदाय के आचार्य पूज्य गोस्वामी श्रीप्रशान्तकुमार जी महाराज (बृहन्मन्दिर, मुम्बई) की प्रेरणा से गीत सङ्गीत सागर ट्रस्ट, मुम्बई के तत्वावधान में संपन्न हुआ।

इस महोत्सव में पूज्य महाराजश्री तथा उनके सहित आए वैष्णवजन ने श्रीगोविन्द कुण्ड की तलहटी में १०८ वृक्षों का रोपण किया। आगन्तुक वैष्णवों में श्रीनिलेश मोदी, श्री आनन्द ठक्कर, कु. सेझल झवेरी, श्रीराजेश वसानी, आदि, उल्लेखनीय हैं।



प्रत्येक वृक्ष श्रीमत्प्रभुचरण श्रीविट्ठलनाथजी के 108 नामों को समर्पित किये गये हैं। यह महोत्सव 'क्लीन तरहटी ग्रीन तरहटी' मिशन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य श्रीगिरिराज जी की तलहटी को हरा-भरा, स्वच्छ, प्लास्टिक-फ्री, और कचरा-गन्दगी से मुक्त कर तलहटी के प्राकृतिक पर्यावरण एवं सौन्दर्य का संरक्षण करना है।इस कार्यक्रम में वन विभाग गोवर्धन का उत्कृष्ट सहयोग रहा, तथा पर्यावरण प्रेमी पण्डित दाऊदयाल शर्मा (जतीपुरा) इसके संयोजक रहे। कार्यक्रम के माध्यम से पूज्य महाराजश्री ने 'क्लीन तरहटी, ग्रीन तरहटी' मिशन के संकल्प को सिद्ध करने की नीव स्थापित की है, किन्तु आपका यह मानना है कि यह केवल एक आरम्भ है और आगे इसी दिशा में अनेक कार्य करने शेष हैं।

## होटल रेडिशन में एक जनपद एक उत्पाद स्टॉल का अवलोकन



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने होटल रेडिशन में एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत स्थापित स्टॉल का अवलोकन किया, जिसमें एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत ठाकुर जी की पोशाक को प्रदर्शित किया गया था।

महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को एक जनपद एक उत्पाद की स्टॉल में लगाए गए उत्पादों के बारे में विस्तार से बताया गया। उक्त स्टॉल में एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत ठाकुर जी की पोशाक के साथ-साथ जनपद की कारागार (जेल) में उपस्थित बंदियों द्वारा बनाए गए उत्पादों को भी प्रदर्शित किया गया था, जिसमें साड़ी, दुपट्टा, शॉल, तौलिया, कान्हा जी एवं श्री राधा रानी जी के वस्त्र तथा श्रृंगार का सामान उपलब्ध था।

## गोवर्धन में ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से नैनुपट्टी में किसानों की फसलों को भारी नुकसान

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मथुरा(गोवर्धन)।** तहसील के ग्राम पंचायत नैनुपट्टी में किसानों की फसलों में गत रात्रि हुई ओलावृष्टि और भारी बारिश से भयंकर नुकसान हुआ है, जिससे किसान बहुत दुखी हैं। नगला पतराम नैनुपट्टी के किसान सुरेश ने 28000 रु में भेज पर खेत लेकर गेहूं की फसल लगाई जो ओला और बारिश से पूरी तरह से चौपट हो गई है। पीड़ित किसान ने सरकार से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। सेदा के किसान सियाराम ने कहा कि मेरे खेत की पूरी फसल तेज हवा बारिश ओलावृष्टि से गिर गई है जिसमें बहुत नुकसान हुआ है, शासन प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। नगला टुडा निवासी किसान महावीरसिंह ने भी गेंहू और सरसों की फसल में नुकसान को कमर का टूटना बताया। भारतीय किसान यूनियन मंच के जिला अध्यक्ष नवल सिंह चौधरी ने सरकार ओर शासन प्रशासन से पीड़ित किसानों की फसलों के नुकसान की पूर्ति के लिए प्रशासनिक टीम गठित कर गांव गांव बर्बाद हुई फसल के खातेदारों को चिह्नित करने की मांग की है। जिला सचिव हिम्मत सिंह ने कहा कि अगर शासन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देता और किसानो की अनदेखी करता है तो हमें आंदोलन पर बाध्य होना पड़ेगा जिसका जिम्मेदार शासन प्रशासन और सरकार होगी। दर्जनों किसान इस दौरान मौजूद रहे।

## अर्चना वर्मा बनीं शैक्षिक महासंघ की उपाध्यक्ष

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मथुरा।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राया की हुई ब्लॉक कार्यकारणी गठन बैठक में सर्वसम्मति से अर्चना वर्मा को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनियुक्त उपाध्यक्ष अर्चना वर्मा ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगीं।शिक्षकों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। इस अवसर पर अध्यक्ष हरिओम गुप्ता, अध्यक्ष प्रतिनिधि गोवर्धनदास, महामंत्री शैलेंद्र परिहार, कोषाध्यक्ष कीर्ति लवानियां, संरक्षक अशोक पाठक, अमित कुमार, मार्गदर्शक भगवान सिंह पचौरी, शिखा मिश्रा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# डीएम ने नाथनगर विकासखंड कार्यालय के सभी पटलों/अनुभागों का किया गया निरीक्षण

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा आज विकासखंड नाथनगर कार्यालय के सभी पटलों/अनुभागों का सघन निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा पत्रावलियों के सुव्यवस्थित ढंग से रख रखाव, पटल से संबंधित पत्रावलियों के नियमानुसार व त्वरित निस्तारण, कार्यालय परिसर में साफ-सफाई सहित अन्य बिंदुओं पर संबंधित कार्यालय/पटल सहायक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा सभी कक्षों का निरीक्षण करते हुए शासन द्वारा निर्धारित बिन्दु के तहत स्थापना पटल के अन्तर्गत आई0जी0आर0एस0, जनता दर्शन रजिस्टर एवं शिकायतों का निरीक्षण किया गया।

तीन कर्मचारियों अभय प्रताप सिंह, सहायक विकास अधिकारी (ग्रा0वि0) एवं विनय कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ सहायक एवं केशवदास ग्राम विकास अधिकारी की चरित्र पंजिका एवं जी0पी0एफ0 पासबुक का परीक्षण किया गया जो अद्यतन पायी गयी। तत्पश्चात लेखाकार पटल से ग्रान्ट रजिस्टर-1, ग्रान्ट रजिस्टर- कक्क, ग्रान्ट रजिस्टर कक्कक एवं कैशबुक का अवलोकन किया गया तथा अवशेष बची धनराशि से विकास कार्य कराने हेतु निर्देशित किया गया। महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजनान्तर्गत कार्यों की समीक्षा के उपरान्त अपूर्ण कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री आवास का अवलोकन किया गया जिसमें विगत वर्ष से अपूर्ण आवासों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिसके पश्चात विकास खण्ड परिसर में निमार्णाधीन खण्ड विकास अधिकारी कक्ष का निरीक्षण किया गया जिसमें मिस्त्री द्वारा निर्मित दीवार को टेढ़ी कर दिये जाने पर तत्काल गिराने हेतु एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री से निर्मित करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्क्रम निमार्णाधीन दीवार को तत्काल गिरा दिया गया। निरीक्षण के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी नाथनगर कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया जो अनुपस्थित पाये गये एवं विकास खण्ड परिसर में पर्याप्त साफ-सफाई एवं मिट्टी पटाई के पश्चात पेड़ लगाने के लिए जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी नाथनगर सहित अन्य विकास खण्ड के अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# रिजवान मुनीर के ज्ञापन का दिखा असर, दुधारा थाना पर उपलब्ध हुआ फायर ब्रिगेड

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार ने गेहूं की फसलों को बचाने के लिए दुधारा थाना मुख्यालय पर शुक्रवार को फायर ब्रिगेड का वाहन उपलब्ध करा दिया। जिससे किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

दुधारा थाना क्षेत्र के किसानों की हर साल मेहनत पर पानी फिर जाता था गेंहू की फसल आग की चपेट में आ जाती थी जनपद मुख्यालय से जब तक फायर ब्रिगेड पहुँचती थी तब तक जन धन की हानि हो जाती थी।

युवा सेवा समिति के संयोजक और यूथ आईकॉन रिजवान मुनीर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने दिनांक 18 मार्च को जिलाधिकारी आलोक कुमार को एक प्रार्थना पत्र सौंपकर दुधारा थाना मुख्यालय पर एक फायर ब्रिगेड वाहन की व्यवस्था कराये जाने की मांग की थी जिसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को दुधारा थाना मुख्यालय पर फायर ब्रिगेड की व्यवस्था प्रशासन द्वारा करा दी गई है।

यूथ आईकॉन रिजवान मुनीर ने प्रशासन का आभार जताया है। दुधारा थाना प्रभारी निरीक्षक अरविन्द शर्मा ने बताया कि प्रशासन द्वारा फायर ब्रिगेड वाहन की व्यवस्था हो गई है। आगजनी की सूचना तुरंत 9454404312 पर दें ताकि समय से गाड़ी पहुंच सके।

# अकीदत एहतराम से अदा की गई अलविदा की नमाज



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** दुधारा थाना क्षेत्र में माहे रमजान के अंतिम शुक्रवार को अकीदत व एहतराम के अलविदा की नमाज अदा की गयी। इस दौरान मस्जिदों में काफी भीड़ रही। थाना दुधारा क्षेत्र के दुधारा, सेमरियावां, बाघनगर, दानूकुइयां, अगया, सालेहपुर क्षेत्र के गांवों में स्थित मस्जिदों में रमजान के अंतिम शुक्रवार को अलविदा की नमाज पूरे अकीदत व एहतेराम के साथ अदा की गयी। रमजानुल मुबारक महीने के दूसरे दिन जुमा को सेमरियावां दुधारा क्षेत्र की छोटी बड़ी मस्जिदें रोजदार नमाजियों से भरी थी ।छोटे बच्चे बड़े बुर्जुग बड़ी संख्या में शामिल हुए ।नमाज के बाद मुल्क में अमन शांति और तरक्की के लिए सामूहिक दुआएं मांगी गई।

## ईदुल फितर की तैयारियों में जुटे लोग

अलविदा की नमाज अदा करने के बाद अकीदतमंद ईदुल फित्र की तैयारियों में जुट गये। शनिवार को ईदुल फित्र को देखते हुए लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। क्षेत्र के चौराहों और बाजारों में लोगों ने जमकर खरीददारी की।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 द्वितीय चरण के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाई

वेलकम इंडिया संवाददाता




**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने रिजर्व पुलिस लाईन संतकबीरनगर में महिला सशक्तिकरण जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया ।¤मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 द्वितीय चरण¤ के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु बहुआयामी कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं । पुलिस विभाग द्वारा जिले में इस अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु ठोस कदम उठाए जा रहे हैं ।इस मिशन का मुख्य लक्ष्य महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और सशक्त माहौल बनाना है, जहाँ वे बिना किसी डर के आत्मविश्वास से आगे बढ़ सकें। नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देकर राज्य के समग्र विकास को गति देना इसका उद्देश्य है । इस दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात/पुलिस लाईन प्रियम राजशेखर पाण्डेय, यातायात प्रभारी परमहंस, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी निरीक्षक सुश्री सरोज शर्मा, प्रतिसार निरीक्षक रामबली यादव, सहित पुलिस के अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

## मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 द्वितीय चरण की मुख्य विशेषताएँ

- हर पुलिस स्टेशन पर महिला बीट अधिकारियों को तैनात किया गया है जो सीधे महिलाओं और लड़कियों से संपर्क कर उनकी समस्याओं को सुनेंगी और सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगी ।
- स्कूल और कॉलेज जैसे स्थानों पर एंटी-रोमियो स्क्वॉड को और अधिक सक्रिय किया जाएगा ताकि मनचलों पर सख्त कार्रवाई हो सके ।
- पुलिस की पैदल गश्त बढ़ाई जाएगी ताकि सुरक्षा और निगरानी मजबूत हो।
- महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा जागरुकता बढ़ाने के लिए बाइक रैलियाँ आयोजित की जा रही हैं ।
- मौजूदा महिला हेल्पलाइन जैसे 1090, 181 और 112 के बारे में जागरूकता फैलाई जाएगी ।

यह मिशन 12 राज्य विभागों के समन्वय के साथ काम करेगा ताकि सुरक्षा, शिक्षा, कौशल विकास और वित्तीय सशक्तिकरण सहित कई क्षेत्रों में व्यापक सहयोग सुनिश्चित हो सके ।

# उपजिलाधिकारी व अपर पुलिस ने त्योहारों को लेकर खलीलाबाद में सुरक्षा का अहसास दिलाने हेतु किया पैदल गस्त



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, उपजिलाधिकारी खलीलाबाद अरुण कुमार, अपर पुलिस अधीक्क सुशील कुमार सिंह ने क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार की उस्थिति में सयुक्त रुप से आगामी त्यौहार चैत्र नवरात्रि एवं ईद-उल-फितर के दृष्टिगत थाना कोतवाली खलीलाबाद अन्तर्गत कस्बा खलीलाबाद में आमजन को सुरक्षा का अहसास दिलाने हेतु पैदल गस्त किया गया ।

गश्त के दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद जय प्रकाश दुबे, याताया प्रभारी परमहंस सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

# अलविदा जुम्मा की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न, मस्जिदों में उमड़ी भीड़



वेलकम इंडिया संवाददाता

**शिकारपुर।** शुक्रवार को अहमदगढ़ कस्बे में रमजान के पवित्र महीने के आखिरी जुमे पर अलविदा जुम्मा की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। सुबह से ही मस्जिदों में रोजेदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और नमाज के दौरान अमन-चैन, भाईचारे तथा देश की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गईं। अब लोगों की निगाहें ईद-उल-फितर के त्यौहार पर टिकी हैं, जो आज मनाया जाएगा। कस्बे की मस्जिदों में नमाज के दौरान विशेष भीड़ देखने को मिली। एक महीने तक रोजा रखने के बाद रोजेदारों ने अलविदा जुम्मा की नमाज पूरी अकीदत के साथ अदा की। नमाज के बाद लोगों ने आपसी सौहार्द और शांति बनाए रखने का संदेश भी दिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। मस्जिदों और आसपास में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे और लगातार हालात पर नजर बनाए रखी। उन्होंने बताया कि कस्बे में नमाज पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

# ईद पर्व खुशी के साथ इनाम पुरस्कार पाने का दिन जफीर कारखी

## माहे रमजान के संदेश को हर दिन याद रखें हर पल अल्लाह को याद रखें

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** पवित्र माहे रमजान अपनी सारी रहमतों, बरकतों और रूहानी नेमतों के साथ खत्म होने वाला है ।यह पूरा महीना अल्लाह की इबादत, रोजा, तौबा, कुरान की तिलावत, तरावीह, दान-पुण्य, और दुआ और माफी मांगने में बिताया है। रमजान सिर्फ. भूखे-प्यासे रहने और कामुक इच्छाओं से बचने के बारे में नहीं है, बल्कि यह रूह को ट्रेनिंग देने, रूह को पवित्र करने और किरदार को बेहतर बनाने का महीना है। इस महीने में, एक मुसलमान अपने रब के और करीब जाने की कोशिश करता है। वह अल्लाह के हुक्म का पालन करते हुए दिन भर हलाल चीजों को भी छोड़ देता है ताकि उसमें तकवा और पवित्रता आए। ताकि इंसान तकवा पैदा करे और अपनी इच्छाओं पर काबू रखना सीखे।

यह महीना इंसान को खुद पर काबू, सब्र, दया और त्याग सिखाता है। जब इंसान खुद भूख और प्यास की तकलीफ और तेजी महसूस करता है, तो उसे उन लोगों का दर्द भी महसूस होता है जो पूरे साल गरीबी और तंगी से परेशान रहते हैं। इस एहसास के नतीजे में उसके अंदर दान और दूसरों की मदद करने का जज्बा पैदा होता है। यही वो जज्बा है जो रमजान के पैगाम को ज़िंदा रखता है। माहे रमजान की तरह ही शेष शेष ग्यारह महीने गुजरने का संदेश देता है । रमजान के बाद भी हमारी नमाजें नियमित रहें, हमारे आचार-व्यवहार नरम रहें, हमारी जबान झूठ, चुगली और बुरी बातों से बची रहे, और हमारे दिलों में अल्लाह का डर और प्यार बढ़े और हम जलन, नफरत और भेदभाव से दूर रहें, तो समझिए कि हमने रमजान का सही फायदा उठाया है। इसके उलट, अगर रमजान खत्म होते ही हमारी ज़िंदगी पहले जैसी हो जाए, इबादत में ढिलाई हो और गुनाहों की तरफ झुकाव बढ़ जाए, तो यह इस बात की निशानी है कि हमने इस महीने का असली मकसद हासिल नहीं किया है। ईद का दिन खुशियों से भरा दिन होता है ।ये इनाम और और पुरस्कार पाने का दिन होता है।

रमजान का पवित्र महीना खत्म होने से पहले, हमें अपने दिलों में झाँकना चाहिए, अपने कामों को देखना चाहिए, खुद का जायजा लेना चाहिए, और यह वादा करना चाहिए कि हम अपनी ज़िंदगी के हर दिन में इस महीने की भावना को ज़िंदा रखने की कोशिश करेंगे। अगर हम यह संकल्प करते हैं, तो यकीनन रमजान हमारे लिए सिर्फ. एक महीना नहीं रहेगा, बल्कि हमारी ज़िंदगी में सुधार और सफलता का एक परमानेंट जरिया बन जाएगा।

# जल का उत्सव,जन भागीदारी का संकल्प: सी आर पाटील

## विश्व जल दिवस जल संरक्षण से ही सुरक्षित होगा भविष्य

संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को मनाए जाने वाले विश्व जल दिवस के अवसर पर मैं सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ यह दिन हमें याद दिलाता है कि जल केवल एक संसाधन नहीं,बल्कि जीवन की आधारशिला है और इसका संरक्षण हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। जल हमारे जीवन, पारिस्थितिकी तंत्र और अर्थव्यवस्था की धुरी है विश्व की लगभग 18 प्रतिशत जनसंख्या और पशुधन भारत में निवास करते हैं जबकि हमारे पास वैश्विक मीठे जल संसाधनों का मात्र चार प्रतिशत ही उपलब्ध है। शहरीकरण,बढ़ती मांग और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के बीच जल का प्रभावी प्रबंधन आज एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बन चुका है। इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने जल प्रबंधन के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया है। जल शक्ति मंत्रालय की स्थापना से जल से जुड़े विभिन्न विभागों का एकीकरण हुआ है जिससे योजनाओं के बेहतर और समन्वित क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यह दृष्टिकोण जल के पूरे चक्र को साथ लेकर चलता है एक ओर संरक्षण और भूजल पुनर्भरण पर बल दिया जा रहा है वहीं बांधों और जलाशयों के माध्यम से भंडारण क्षमता को मजबूत किया जा रहा है। नदी जोड़ परियोजनाएँ संतुलित जल-वितरण की दिशा में प्रयास कर रही हैं। जल जीवन मिशन और कमांड एरिया विकास के आधुनिकीकरण से जल की उपलब्धता बढ़ाने पर ध्यान दिया गया है जबकि नमामि गंगे जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जल गुणवत्ता सुधारने का कार्य आगे बढ़ रहा है साथ ही अनुसंधान,नवाचार और जन जागरूकता के माध्यम से भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने पर भी जोर दिया गया है। इस पूरे प्रयास का मूल भाव है जन भागीदारी प्रधानमंत्री जी ने जलसंचय को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया है सरकार दिशा और संसाधन उपलब्ध करा सकती है लेकिन स्थायी परिवर्तन तभी संभव है जब समाज स्वयं इसमें भागीदार बने।



जल जीवन मिशन इसी सोच का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है यह विश्व का सबसे बड़ा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल पहुंचाना है। आज 15.8 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों तक नल से जल की सुविधा पहुंच चुकी है जिससे जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इस मिशन का एक बड़ा प्रभाव महिलाओं के जीवन में दिखाई देता है पानी लाने के श्रम में कमी आई है स्वास्थ्य बेहतर हुआ है और शिक्षा तथा आजीविका में उनकी भागीदारी बढ़ी है। ग्राम पंचायतों और स्थानीय जल एवं स्वच्छता समितियों की भूमिका से समुदाय का जुड़ाव मजबूत हुआ है वहीं फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल गुणवत्ता की निगरानी में महिलाओं की भागीदारी ने स्थानीय स्वामित्व को और सुदृढ़ किया है। नमामि गंगे कार्यक्रम ने गंगा और उसकी सहायक नदियों में जल गुणवत्ता सुधारने और पारिस्थितिकी तंत्र के पुनर्जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। निर्मल और अविरल गंगा के साथ-साथ ‌ह्लअर्थ गंगाह्व और ह्लजन गंगाह्व जैसी पहलें नदी संरक्षण को लोगों के जीवन और आजीविका से जोड़ती हैं। कैच द रेन अभियान और जल संचयझ्रजन भागीदारी जैसे प्रयासों ने जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप दिया है। वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन,बोरवेल रिचार्ज और चेक-डैम निर्माण जैसे कार्यों में लोगों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। सितंबर 2024 से अब तक देशभर में 45 लाख से अधिक वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण इसी सामूहिक प्रयास का परिणाम है यह दिखाता है कि जब सरकार और समाज साथ मिलकर काम करते हैं तो परिवर्तन व्यापक और स्थायी होता है। देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे कई प्रेरक उदाहरण सामने आए हैं ।गुजरात के बनासकांठा में डेयरी सहकारी समितियों और किसानों ने मिलकर कम लागत वाले रिचार्ज पिट बनाए हैं। छत्तीसगढ़ के कोरिया में किसानों ने अपनी भूमि का एक हिस्सा भूजल पुनर्भरण के लिए समर्पित किया है शहरी क्षेत्रों में भी आवासीय परिसर वर्षा जल संचयन और पुनः उपयोग को अपनाने लगे हैं। उद्योग जगत भी इस दिशा में आगे बढ़ रहा है जल ऑडिट, पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग,जीरो लिक्विड डिस्चार्ज और वर्षा जल संचयन जैसी प्रथाओं को अपनाकर उद्योग जिम्मेदार जल प्रबंधन की दिशा में योगदान दे रहे हैं। कृषि क्षेत्र में भी जल के संतुलित और विवेकपूर्ण उपयोग की दिशा में बदलाव दिखाई दे रहा है। माइक्रो- इरिगेशन, खेत स्तर पर बेहतर जल प्रबंधन और उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग जैसी पहलें न केवल किसानों की आय को सुदृढ़ करती हैं बल्कि दीर्घकालिक स्थिरता को भी बढ़ावा देती हैं। जल संरक्षण को जीवन शैली का हिस्सा बनाना समय की मांग है वर्षा जल संचयन,उपचारित जल का पुनः उपयोग और पानी की बबार्दी को रोकना ये ऐसे कदम हैं जिन्हें अपनाकर हम अपने शहरों को अधिक जल- सुरक्षित बना सकते हैं। भारत की जल सुरक्षा की यह यात्रा एक सामूहिक राष्ट्रीय प्रयास है यह केवल नीतियों और अवसंरचना से नहीं, बल्कि हमारे व्यवहार और सोच में बदलाव से ही संभव है। आइए इस विश्व जल दिवस पर हम जल संरक्षण को अपनी आदत में लाएँ और अपने दैनिक क्रियाकलापों में शामिल करें यदि प्रत्येक नागरिक प्रतिदिन केवल एक लीटर जल भी बचाए या उसका पुनः उपयोग करे तो हम एक राष्ट्र के रूप में प्रतिदिन 140 करोड़ लीटर से अधिक जल बचा सकते हैं। जल संरक्षण को प्रयास नहीं,बल्कि स्वभाव बनाना होगा तभी जल सुरक्षित विकसित भारत का लक्ष्य साकार

# गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज पुलिस ने जांच की शुरू

**बुगरासी(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र नरसेना के गांव मड़ैया खुर्द निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि हम 16 मार्च को खेत पर काम करने गये तो घर पर मेरी बेटी घर पर अकेली थी जब शाम को घर वापिस आये तो वह घर पर नही थी ।19 मार्च को थाना नरसेना पर रिपोर्ट लिखाने गये ।एसओ नरसेना रामकिशोर गौतम ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है ।मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने सुनाई सजा

**रामघाट(वेलकम इंडिया)।** दुष्कर्म के 02 आरोपियों 20-20 वर्ष का कठोर कारावास व 30-30 हजार रुपये तथा 02 आरोपियों को 05-05 वर्ष कारावास व 10-10 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई आपको बता दें थाना रामघाट क्षेत्र के ग्राम नगला कोठी (जरगवां) निवासी अभियुक्तगण 1. रवेन्द्र उर्फ भूरा पुत्र लखपति निवासी ग्राम नंगला कोठी थाना रामघाट जनपद बुलन्दशहर 2. भुवनेश पुत्र नरेश कुमार निवासी समसपुर थाना जरीफ नगर जनपद बदांयू 3. गजेन्द्र पुत्र ओमप्रकाश 4. धर्मेन्द्र उर्फ छोटे पुत्र शेरसिंह निवासीगण ग्राम नंगला कोठी थाना रामघाट जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2018 में एक लड़की को बहला फुसलाकर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने की दुस्साहसिक घटना की गयी थी थाना रामघाट पर मुअसं-242/2018 धारा 363,376डी भादवि पंजीकृत किया गया था।

# लाड़पुर में 'सरपंच बहू' फिल्म की शूटिंग शुरू, उमड़ी भीड़




**बुलंदशहर(वेलकम इंडिया)।** बुलंदशहर तहसील स्याना क्षेत्र के ग्राम लाड़पुर में देहाती फिल्म 'सरपंच बहू' की शूटिंग शुरू हो गई है। शूटिंग देखने के लिए गांव में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरे इलाके में उत्साह का माहौल है। फिल्म की शूटिंग के दौरान स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। गांव के लोग शूटिंग के हर सीन को करीब से देखने के लिए मौके पर जुटे रहे। इस फिल्म में लाड़पुर की बेटी इशिका चौधरी ने अपने शानदार अभिनय से सभी को अचंभित कर दिया। उनके किरदार की गांव के लोगों द्वारा जमकर सराहना की जा रही है। इशिका की परफॉर्मेंस ने न सिर्फ स्थानीय लोगों का दिल जीता, बल्कि शूटिंग टीम भी उनके अभिनय से प्रभावित नजर आई।

# डीएम ने सीएम डैशबोर्ड (दर्पण) एवं जनपद में संचालित 50 लाख से ऊपर के निर्माणाधीन कार्यों की विस्तृत रूप से की समीक्षा

वेलकम इंडिया संवाददाता





**बुलंदशहर।** जिलाधिकारी श्रुति ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में सीएम डैशबोर्ड (दर्पण) एवं जनपद में संचालित 50 लाख से ऊपर के निर्माणाधीन कार्यों की विस्तृत रूप से समीक्षा की। शासन स्तर पर सी०एम० डैशबोर्ड में माह फरवरी 2026 की प्रगति की समीक्षा में पाया गया कि जनपद के कुल 10 कार्यक्रमों में अपेक्षित रैंक प्राप्त न होने के कारण प्रदेश में जनपद को विकास विभाग की रैंक में 55वां स्थान प्राप्त हुआ है। संबंधित कार्यक्रमों से संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि माह मार्च 2026 की प्रगति में सुधार लाकर रैंकिंग में सुधार करें।

जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि माह मार्च की प्रगति में दशमोत्तर छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति योजना में ए श्रेणी प्राप्त हो जायेगी। इसी प्रकार जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह अन्तर्गत माह मार्च में ए श्रेणी प्राप्त हो जायेगी। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि फेमिली आई०डी० योजनान्तर्गत जनपद के लक्ष्य में 23000 की वृद्धि हो गयी है। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में नियमति अन्तराल पर समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं समस्त अधिशासी अधिकारियों से वर्चुअल कॉन्फ्रेंस करके समीक्षा की जा रही है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा 1 मार्च 2026 से 20 मार्च 2026 तक शून्य प्रगति वाले संबंधित नगर निकायों एवं विकास खण्डों के अधिकारियों के प्रति कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आगामी बैठक से पूर्व अपेक्षित प्रगति लाया जाना सुनिश्चित करें। यदि इसके बावजूद भी प्रगति नहीं होती है तो सम्बन्धित की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि ओ०डी०ओ०पी० टुलकीट योजना एवं विश्वकर्मा श्रमसम्मान योजनान्तर्गत प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

जनपद में 50 लाख से अधिक की लागत की कुल 67 परियोजना निर्माणाधीन है जिनमें से 33 परियोजनायें पूर्ण हो चुकी है। 21 परियोजनायें समय सीमा के अन्दर निर्माणाधीन है। 12 परियोजनायें विलम्बित है तथा 01 परियोजना अनारम्भ है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा पूर्ण 33 परियोजनाओं के सम्बन्ध में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देश दिये कि इन परियोजनाओं में हस्तगत परियोजनाओं तथा हस्तगत हेतु की जा रही कार्यवाही के संबंध में टेबिल फार्म कारण सहित अवगत कराये। विलम्बित परियोजनाओं से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि धनाभाव के कारण बाधित परियोजनाओं के संबंध में धनावंटन हेतु स्वयं प्रयास करे अथवा प्रशासकीय विभाग को उनके स्तर से पत्र जारी कराये जाये। बैठक में सीडीओ सुश्री निशा ग्रेवाल, डीडीओ सुभाष नेमा, डीएसटीओ योगेंद्र सिंह यादव सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अहमदगढ़ थाना पुलिस ने 1100 नशीली गोलियों सहित एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया संवाददाता

**अहमदगढ़(बुलंदशहर)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को थाना अहमदगढ पुलिस द्वारा अभियुक्त शहरूद्दीन उर्फ बाबू पुत्र निजामुद्दीन निवासी ग्राम खैलिया कल्याणपुर थाना अहमदगढ जनपद बुलंदशहर को ग्राम खैलिया कल्याणपुर वाले रास्ते से 1100 नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना अहमदगढ पर मुअसं-62/26 धारा 21/22 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमचन्द शर्मा एस आई रामेश्वर दयाल है0का0 दीपक कुमार, का0 संदीप कुमार आदि शामिल रहे।

## अलविदा जुम्मा के मौके पर पुलिस प्रशासन रहा अलर्ट एसपी देहात के नेतृत्व में किया गया पैदल गस्त

वेलकम इंडिया संवाददाता



**बुलंदशहर।** शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 तेजवीर सिंह व क्षेत्राधिकारी अनूपशहर विकास प्रताप सिंह चौहान द्वारा अलविदा जुम्मा एवं जनपद मे शांति/कानून व्यवस्था के दृष्टिगत आम जनमानस में सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने हेतु पुलिस फोर्स के साथ थाना जहांगीराबाद क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्रो में पैदल मार्च किया गया व जुम्मे के नमाज के दौरान भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा तथा जनमानस के साथ संवाद स्थापित कर आम जनमानस से अनुरोध किया गया कि ही किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना अथवा सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली अपुष्ट खबरों पर ध्यान न दे तथा क्षेत्र में यदि कहीं भी किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने की आशंका हो तो उसकी सूचना तत्काल डायल-112 पर या स्थानीय पुलिस को दें।

इसके उपरान्त कस्बा जहांगीराबाद स्थित ईदगाह का निरीक्षण करते हुए नमाज अदायगी के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सम्बन्धित को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। मौके पर उपस्थित



मुस्लिम समुदाय के लोगों से वार्ता करते हुए नमाज अदा करने के समय आदि के बारे में जानकारी ली गयी।

## छात्र नेता पुलकित शर्मा ने अमर सिंह कॉलेज और प्रशासन पर उठाया सवाल

हरेन्द्र शर्मा



**बुलन्दशहर(वेलकम इंडिया)।** बुलन्दशहर जनपद के ब्लॉक लखावाटी के अमर सिंह कॉलेज लखावटी बुलंदशहर में केटेगरी, थर्ड क्लास में कार्य कर रहे आकाश चौधरी जिसे प्राचार्य ने बिना प्रशासक की अनुमति के रखा हुआ है तथा वह इससे पहले किसान पी0जी0 कॉलेज, सिम्भावली में कार्य कर चुका है। वहाँ पर एक महिला टीचर के उपर अभद्र टिप्पणी कर कालेज की वेबसाई पर पोस्ट कर दिया जिसकी शिकायत महिला प्राध्यापक के द्वारा भी दर्ज है एवं आकाश चैधरी के खिलाफ चार्जसीट भी दाखिल है और न्यायालय में वाद लम्बित है। इसकी भली भांति जानकारी प्राचार्य एवं कॉलेज प्रशासन के पास होने के बाद भी कॉलेज प्रशासन ने इनको कॉलेज में कार्यरत रखा हुआ है और बडे खेद की बात यह है की कॉलेज में आशुलिपि के पद के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है जिसमे आकाश चौधरी का भी आवेदन स्वीकार किया गया है मेरा कॉलेज प्रशासन से अनुरोध है कि तत्काल प्रभाव से आकाश चौधरी को कॉलेज से निस्कासित किया जाए और आशुलिपि पद के लिए दिए गए उसके आवेदन को निरस्त किया जाए जिससे की कॉलेज की छवि खराब न हो। अगर कॉलेज प्रशासन इस विषय पर संज्ञान नही लेता है तो हम क्षेत्र के लोग इसका पूर्ण रूप से बहिष्कार करेंगे।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम को देख मेधावियों के खिले चेहरे

वेलकम इंडिया संवाददाता






**शिकारपुर।** ओमवती सरस्वती इंटर कॉलेज शिकारपुर का शुक्रवार को कक्षा नर्सरी से नवम व एकादश का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य तेजवीर कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह परीक्षा परिणाम आपकी कठोर मेहनत, लगन, संघर्ष का परिणाम है प्रबंधक सी पी शर्मा ने विद्यालय में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले विद्यार्थी क्रमशः कक्षा नर्सरी से कु० रुबी, कु० दीपांशी व दिव्यांश कुमार कक्षा एक से स्वाति सिंह, गतिक कुमार व कु छवि कक्षा द्वितीय से कु०दामिनी, हिमांशु,व कार्तिक कक्षा तृतीय से विवेक कुमार, मनी,फिजा कक्षा चतुर्थ से ख्याति सिंह , ईशानी व रितु तोमर कक्षा पंचम से पीयूष कुमार प्रिंस,व शगुन कक्षा षष्ठम से शरद शर्मा,कु०राशि व भारती कक्षा सप्तम से योगिता निगम,साक्षी भारद्वाज व रचित कुमार कक्षा अष्टम से दिव्यांश,अभिनंदन व अरुण कुमार कक्षा नवम से वेद डांगुर,कल्पना व कंचन कक्षा एकादश से कु०तनिष्का ,यशिका व बबली को पुरस्कार देकर सम्मानित किया परीक्षा फल हरकेश कुमार व अनुपमा सिंह ने संयुक्त रूप से जारी किया कार्यक्रम का संचालन आरपी सिंह ने किया इस मौके पर नरेश कुमार, जयवीर सिंह ,एन के शर्मा ,कपिल कुमार, संजीव कुमार,कौशल कुमार हैदर खान ,रॉबिन शर्मा, निखिल कुमार संगीता चौधरी, नंदिनी पांडे, दीक्षा चौधरी इंदु सक्सेना ,पूजा सैनी अंजली आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम व सीओ ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



वेलकम इंडिया संवाददाता

**सिकंदराबाद(बुलंदशहर)।** शुक्रवार को डीएम के निदेर्शानुसार उपजिलाधिकारी सिकन्द्राबाद दीपक कुमार पाल व क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राबाद भास्कर कुमार मिश्रा द्वारा ईद-उल-फितर के दृष्टिगत जनपद मे शांति/कानून व्यवस्था के बनाये रखने हेतु ईदगाह का निरीक्षण किया गया तथा कस्बा सिकन्द्राबाद में संवेदनशील क्षेत्रो में पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च किया गया। आमजनमानस के साथ संवाद स्थापित कर अनुरोध किया गया कि ही किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना अथवा सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली अपुष्ट खबरों पर ध्यान न दे तथा क्षेत्र में यदि कहीं भी किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने की आशंका हो तो उसकी सूचना तत्काल डायल-112 पर या स्थानीय पुलिस को दें।

## खालौर स्टेडियम के समीप भीषण सड़क हादसा, ट्रक-ट्रैक्टर की टक्कर में दो की मौत

वेलकम इंडिया संवाददाता



**जहांगीराबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गांव खालौर पर बने स्टेडियम के समीप शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। खालौर स्टेडियम के पास बुलंदशहर - अनूपशहर रोड पर ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत में दोनों वाहनों के चालकों की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, सुबह तड़के करीब 4 बजे सीमेंट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली और चावल से लदा ट्रक आमने-सामने टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया, साथ ही यातायात को सुचारु कराया। हादसे में ट्रैक्टर चालक गिरीश यादव (25) पुत्र महीपाल सिंह निवासी रघुनाथपुर जनपद संभल को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

वहीं ट्रक चालक महेंद्र सिंह (50) पुत्र कुंवरपाल सिंह निवासी लछोई थाना जहांगीराबाद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें हायर सेंटर मेरठ रेफर किया गया लेकिन अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उन्होंने भी दम तोड़ दिया।

बारिश के दौरान हुए इस हादसे के बाद सड़क पर सीमेंट और चावल के कट्टे बिखर गए, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद रास्ता साफ कराकर आवागमन सुचारु कराया। घटना के बाद दोनों मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।

## ई-लॉटरी से शराब की आट दुकानों का आवंटन, प्रक्रिया सम्पन्न



विजय द्विवेदी

**प्रतापगढ़(वेलकम इंडिया)।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अवशेष शराब दुकानों के व्यवस्थापन हेतु ई-लॉटरी प्रक्रिया का सफल आयोजन किया गया। नवीनीकरण चरण के बाद शेष रह गई कुल 8 दुकानों जिसमें 5 देशी मदिरा, 1 मॉडल शॉप और 2 कम्पोजिट शॉप शामिल हैं का आवंटन आबकारी नीति 2026-27 के प्रावधानों के अंतर्गत ई-लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। यह प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से जिलाधिकारी/लाइसेंस अधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति के समक्ष कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एन.आई.सी. सभागार में अपरान्ह 3:00 बजे से 4:30 बजे के बीच सम्पन्न हुई। ई-लॉटरी में चयनित आवंटियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपना आवंटन आदेश ई-लॉटरी पोर्टल के माध्यम से जारी होने के पश्चात जिला आबकारी अधिकारी प्रतापगढ़ कार्यालय से प्राप्त करें।

## बेमौसम बरसात से किसानों की फसल बर्बाद भारी नुकसान का अनुमान



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुगरासी।** क्षेत्र में पिछले दो दिनों तेज हवा के साथ लगातार हो रही बारिश से किसानों की फसल बर्बाद हो गई है। जिससे किसानों को निकट भविष्य में भारी आर्थिक हानी झेलनी पड सकती है।तेज हवाओं के साथ हुई बरसात से किसानों की खेतों में खड़ी फसल गिर गई है।चांदपुर निवासी देवेंद्र प्रधान उमेश और सुमित कुमार जैसे किसानों ने गेहूं की फसल को लगभग 80% नुकसान बताया है उन्होंने किसानों के हुए नुकसान की सरकार से उचित मुआवजा की मांग की। बरहाना निवासी फौजी दीपक त्यागी जागेश त्यागी बुकलाना निवासी हरीश चौधरी ने बताया कि बेमौसम बरसात से उनकी पूरी फसल प्रभावित हुई है।फसल गिरने से गेहूं की गुणवत्ता में कमी आएगी और गेहूं कमजोर पैदा होगा। जिससे कि किसानो की पैदावार पर असर पड़ेगा। आम के किसान दीपक त्यागी केदार त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वक्त आम के पेड़ों पर में बहुत अधिक बौर आ रहा है। इस बरसात से आम के बौर को भी बहुत नुकसान देखा जा रहा है। दर्जन किसानों में प्रदेश सरकार से अपील की है कि किसने की फसलों को सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जावे। जिससे कि किसानों को आर्थिक मदद मिल सके।

## मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने भटनी -सलेमपुर स्टेशनों का किया निरीक्षण

### अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भटनी व सलेमपुर में विकास कार्यों की समीक्षा

संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी आशीष जैन ने अपने एक दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 20 मार्च शुक्रवार को भटनी एवं सलेमपुर रेलवे स्टेशनों एवं भटनी-मऊ रेल खण्ड दोहरीकरण योजना अंतर्गत सलेमपुर-लार रोड स्टेशनों के मध्य चल रहे रेल लाइन दोहरीकरण कार्यों का व्यापक निरीक्षण किया। मंडल रेल प्रबंधक श्री जैन ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भटनी जं रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पैदल उपरिगामी पुल, प्लेटफार्मो की सरफेस और यात्री शेड के विस्तार, सकुर्लेटिंग एरिया के विकास, स्टेशन भवन के निर्माण, फसाड के सुधार, पोर्च निर्माण, ग्रीन पार्क का विकास, आगमन एवं प्रस्थान कोनकोर्स समेत दोनों द्वार के विकास का निरीक्षण किया और सम्बंधित को दिशा निर्देश दिया।

इस दौरान उन्होंने रेलवे कर्मचारियों की सुविधा हेतु भटनी के ह्लमनोरंजन कक्षह्व का निरीक्षण कर उसके जीर्णोद्धार हेतु कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया तथा कार्य योजना के अनुरूप शीघ्र सुधार कार्य आरंभ कर मनोरंजन कक्ष को दोबारा रेलवे कर्मचारियों के उपयोग हेतु खोले जाने का निर्देश दिया।

इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण भी किया और स्वास्थ्य केंद्र को वर्तमान स्थल से स्थानांतरित कर पुरानी आर आर आई भवन में स्थापित करने का निर्देश भी दिया।

इसी क्रम में उन्होंने भटनी जं के एकीकृत क्रू रनिंग रूम, भटनी जं यार्ड में पॉइंट्स संख्या 490 अ &इ का पॉइंट्स एण्ड क्रासिंग तथा भटनी यार्ड में समपार संख्या 116 स्पेशल का का संरक्षा निरीक्षण किया और गेट मैन अमित कुमार का संरक्षा ज्ञान परखा। भटनी जं में स्थित रेलवे सुरक्षा बल बैरक का निरीक्षण किया एवं बैरेक में सुरक्षा बल के जवानो को मिलने वाली सुविधाओं का संज्ञान लिया तथा भटनी जं रेलवे स्टेशन की आवासीय रेलवे कालोनी का निरीक्षण किया और रेलवे कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को होने वाली समस्याओ का संज्ञान लिया।

इसके उपरान्त मंडल रेल प्रबंधक श्री जैन ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत सलेमपुर रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों व्यापक निरीक्षण किया और पैदल उपरिगामी पुल, प्लेटफार्म, फसाड, सकुर्लेटिंग एरिया, पार्किंग, प्रतीक्षालय आदि यात्री सुविधा विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

इसी क्रम में उन्होंने सलेमपुर-लार रोड स्टेशनों के मध्य चल रहे रेल लाइन दोहरीकरण कार्यों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने दोहरीकरण कार्यों की प्रगति, कार्य की गुणवत्ता एवं निर्धारित समय सीमा में कार्य की पूर्णता आकलन किया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री जैन ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी एजेंसियों के साथ विभिन्न साईट का निरीक्षण किया उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों तथा संसाधनों के समुचित उपयोग पर विशेष बल दिया। साथ ही यह निर्देश दिए कि कार्यों को समयबद्ध एवं सुरक्षित तरीके से पूर्ण किया जाए, ताकि यात्रियों को बेहतर एवं सुगम रेल सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

मंडल रेल प्रबंधक ने दोहरीकरण कार्य के विभिन्न चरणों जैसे ट्रैक बिछाने, पुल/पुलियों के निर्माण तथा सिग्नल एवं दूरसंचार व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल इंजीनियर प्रथम शैलेन्द्र सिंह, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तृतीय आयुष कुमार सिंह, सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर यशवीर सिंह, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक बालेन्द्र पाल, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) सौरभ राठौर, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (एल्लैं) अभिषेक राय, मंडल वाणिज्य प्रबंधक रमेश पाण्डेय, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी अभिषेक कुमार, सहायक मंडल इंजीनियर मनीष तिवारी सहित वरिष्ठ पर्वेक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# पैन-इंडिया स्तर पर प्रतिभागियों की भागीदारी; युवाओं ने दिखाया नवाचार और तकनीकी कौशल

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान में राष्ट्रीय स्तर की एफपीवी ड्रोन प्रतियोगिता पुष्पक क्लब के अंतर्गत एयरो ट्रैक एफ1का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने ड्रोन संचालन कौशल, गति और सटीकता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों और युवाओं में ड्रोन तकनीक, नवाचार और आधुनिक इंजीनियरिंग के प्रति रुचि को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने विशेष रूप से तैयार किए गए चुनौतीपूर्ण ट्रैक पर अपने ड्रोन उड़ाकर उत्कृष्ट नियंत्रण और निर्णय क्षमता का परिचय दिया। कार्यक्रम ने तकनीक और रोमांच का अनूठा संगम प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल (सेवानिवृत्त) डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को नई तकनीकों से जोड़ते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने ड्रोन तकनीक के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, तकनीकी विशेषज्ञ एवं अतिथि उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन की सराहना की। निर्णायक मंडल में डॉ. शोएब (सी-डैक दिल्ली) तथा मिस्टर वरुण पुंजानी (रोबोटैक ऑटोमेशन) शामिल थे। विजेता टीमें प्रथम पुरस्कार(1,00,000/-) : टीम एयरोबोट्स, एनआईईटी, ग्रेटर नोएडा, द्वितीय पुरस्कार(75,000/-) : टीम हे वसाड ायनाामिवसा-1, एसआरएमआईएसटी, चेन्नई,तृतीय पुरस्कार(50,000/-) : टीम एस्ट्रा, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब. कार्यक्रम के समापन सत्र में एडवाइजर , लक्ष्मण प्रसाद सर, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, डॉ. डी. के. चौहान एवं डायरेक्टर, डॉ. बी. सी. शर्मा , डॉ. राकेश गोयल (निदेशक, आरकेजीटीआईएम), डॉ. आर. के. यादव (डीन, एकेडमिक्स),एच. जी. गर्ग (डीन, छात्र कल्याण), डॉ. रामेंद्र (डीन, आईक्यूएसी) तथा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी गणमान्य अतिथियों एवं संस्थान के अधिकारियों ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं.एचओडी कार्यक्रम के सफल आयोजन में पुष्पक टीम का विशेष योगदान रहा। संस्थान के डॉ. विनीश कुमार एचओडी एआई एवं मशीन लर्निंग, डॉ. प्रीति शर्मा एचओडी डेटा साइंस , लीना चोपड़ा, पूजा चौधरी, अभिनव दास और नितिन शर्मा के सहयोग एवं समर्पण से यह आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सका। समापन समारोह में निर्णायक मंडल के सदस्य, उद्योग विशेषज्ञ तथा संस्थान के वरिष्ठ संकायजन भी उपस्थित रहे।

# भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया किया भव्य स्वागत

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** निकटवर्ती गांव सीकरी खुर्द में प्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं धार्मिक महामाया देवी मेले के उद्घाटन के मौके पर पहुंचे भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया व अन्य पदाधिकरियों का भूमि विकास बैंक के चेयरमैन अशोक मुखिया एवं उनकी टीम ने अपने निवास स्थान पर आयोजित एक कार्यक्रम में भव्य स्वागत किया। भूमि विकास बैंक के चेयरमैन अशोक मुखिया के निवास स्थान पर आयोजित एक कार्यक्रम में अशोक मुखिया एवं उनकी टीम ने ने भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया,, पूर्व जिला अध्यक्ष सतवीर राघव, वरिष्ठ नेता सतेंद्र त्यागी, पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, राज्य निर्माण सहकारी संघ के क्षेत्रीय सहसंयोजक नरेश अमराला आदि को शाँल ओढ़ाकर एवं महामाया देवी माता की मूर्ति देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन व्यापार मंडल के वरिष्ठ नेता प्रदीप बाँस द्वारा किया गया इस मौके पर पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यवीर राघव, वरिष्ठ नेता सत्येंद्र त्यागी राज्य निर्माण सहकारी संघ के क्षेत्रीय सहसंयोजक नरेश अमराला, ,मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा, सप्पू गुर्जर, नीरज गुर्जर, जयप्रकाश शर्मा, नबाब अली, टेमपाल सिंह, निर्दोष खटाना, हिमांशु सिंघल, गौरव मुखिया, महेश कश्यप के अलावा पालिका के सभासदगण उपस्थित रहे।

# चैयरमेन खेल महोत्सव ट्रॉफी का हुआ विधिवत उद्घाटन



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय चैयरमेन खेल महोत्सव वॉलीबॉल इंटर स्टेट चैंपियनशिप का नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद वैशाली द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया उन्होंने इस अवसर पर कहा कि किसी भी देश की खुशहाली व संपन्नता उस देश के खेल के स्तर पर निर्धारित होती है जो देश आज खेलों में आगे हैं वही देश हर क्षेत्र में अग्रणी है इसलिए हमें खेलों को आगे बढ़ाने में अपने पूरे प्रयास करने चाहिए खेलों को बढ़ावा देना राष्ट्रीय सोच का परिचायक है प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे हैं खेलो इंडिया कार्यक्रम से आज देश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा रहा है छाया स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी बताया की छाया स्कूल के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में 21 व 22 मार्च 2 दिन चैयरमेन खेल महोत्सव के अंतर्गत इंटर स्टेट वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देशभर की 30 से अधिक टीमें प्रतिभाग कर रही है मोदीनगर के इतिहास में पहली बार यह मुकाबले अंतर्राष्ट्रीय मैचो की तरह मेट पर खेले जाएंगे जिसमें दर्जनों राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं यह प्रतियोगिता मोदीनगर चैयरमेन विनोद वैशाली के 3 साल बेमिसाल उनके द्वारा शहर में कराये गए ऐतिहासिक कार्यों को समर्पित है।

# मोदी ग्लोबल स्कूल की शाखा प्रिटी पेंग्विंस स्कूल में स्प्रिंग फ्लिंग कैंप का भव्य समापन

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** डॉ.के. एन. मोदी ग्लोबल स्कूल की शाखा प्रीटी पेंगुइन्स स्कूल में आयोजित स्प्रिंग फ्लिंग कैंप का समापन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और नन्हे बच्चों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मानित अतिथियों डॉ.के.एन. मोदी के प्रबंधक मेघराज , एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर दीपांकर शर्मा, स्कूल प्रधानाचार्य श्रीमती पूजा शर्मा, स्कूल हेडमिस्ट्रेस श्रीमती प्रेरणा वर्मा, टेक्सटाइल ब्रांच की हेडमिस्ट्रेस श्रीमती सपना खुराना, प्रोफेसर मनीषा त्यागी की गरिमामई उपस्थिति में हुआ। समापन समारोह की शुरूआत मां सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलित करके की गई जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ इसके पश्चात मुख्य अतिथियों का अभिनंदन किया गया। समापन समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। चीयरिंग परफॉर्मेंस और आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया, वहीं फ्रेंच स्किट ने कार्यक्रम में विशेष रंग भर दिया।

इसके साथ ही स्किल बूस्ट एक्टिविटी एग्जीबिशन में बच्चों द्वारा बनाई गई एक्टिविटीज को दशार्या गया, जिसमें बच्चों की रचनात्मकता और सीखने की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ताइक्वांडो के बच्चों द्वारा प्रस्तुत बेसिक स्टंट्स रहे । जिसने दर्शकों में रोमांच भर दिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नृत्य, खेल, फ्रेंच और ताइक्वांडो के लिए पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्प्रिंग फ्लिंग कैंप ने बच्चों को न केवल मनोरंजन का अवसर दिया, बल्कि उनके आत्मविश्वास, प्रतिभा और रचनात्मकता को भी निखारा।

# गाजियाबाद स्टेशन पर हाई अलर्ट, सिविल ड्रेस में तैनात जवान रखेंगे संदिग्धों पर नजर

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद स्टेशन पर संदिग्ध व्यक्ति व गतिविधियों को लेकर सुरक्षा एजेंसी सतर्क हो गई है। स्टेशन परिसर व आसपास के क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति व गतिविधियों को लेकर जीआरपी के जवान वर्दी के साथ सिविल ड्रेस में भी तैनात किए गए हैं। सिविल ड्रेस में तैनात जवान सामान्य यात्रियों की तरह घूमकर कड़ी निगरानी रखेंगे ।दिल्ली कैंट स्टेशन और सोनीपत स्टेशन पर गुप्त कैमरे लगे होने के बाद से सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गई हैं।

गाजियाबाद स्टेशन व आसपास के क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और संदिग्ध गतिविधियों को लेकर जीआरपी पूरी तरीके से सतर्क हो गई है। जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार मिश्र ने बताया कि जीआरपी के जवान वर्दी में तो तैनात है ही, साथ ही सिविल ड्रेस में भी उनकी तैनाती स्टेशन परिसर में की गई है। ये जवान पूरे स्टेशन परिसर से लेकर सभी महत्वपूर्ण स्थान पर तैनात होंगे। सिविल ड्रेस में तैनात जवान भीड़ में सामान्य यात्री की तरह मौजूद रहकर संदिग्ध लोगों की पहचान करने का काम करेंगे। इससे किसी भी संभावित खतरे को समय रहते भांपा जा सकेगा और तुरंत कार्रवाई संभव हो सकेगी।

# प्री-प्राइमरी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह आयोजित



वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** आरकेजी ग्लोबल स्कूल ने अपने प्री-प्राइमरी कक्षा के विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। यह कार्यक्रम नन्हे शिक्षार्थियों की शैक्षणिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव रहा, जब वे अपनी शिक्षा के अगले चरण में प्रवेश करने के लिए तैयार हुए।

समारोह की शुरूआत सम्मानित उपाध्यक्ष सुश्री आंचल गोयल, निदेशक प्राचार्य कैप्टन डॉ. दिनिशा भारद्वाज, शिक्षकों एवं अभिभावकों के हार्दिक स्वागत से हुई। सुंदर दीक्षांत वेशभूषा में सजे नन्हे स्नातक आत्मविश्वास के साथ मंच पर पहुंचे, जिससे वातावरण गर्व और उत्साह से भर गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य एवं लघु भाषणों सहित विभिन्न प्रस्तुतियाँ शामिल थीं, जिन्होंने उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दीक्षांत प्रमाण-पत्रों का वितरण रहा, जिसमें प्रत्येक बच्चे को उसके प्रयासों और उपलब्धियों के लिए सराहा गया।

निदेशक प्राचार्य ने अपने प्रेरणादायक संदेश में विद्यार्थियों को जिज्ञासु, परिश्रमी और विनम्र बने रहने के लिए प्रोत्साहित किया। शिक्षकों को भी उनके समर्पण और निरंतर सहयोग के लिए सराहा गया, जिन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी। अभिभावकों ने विद्यालय के प्रति अपनी प्रसन्नता और आभार व्यक्त किया, जिसने उनके बच्चों को सुदृढ़ आधार प्रदान किया। समारोह का समापन खुशियों भरी मुस्कानों, यादगार तस्वीरों और विद्यार्थियों के भीतर उपलब्धि की भावना के साथ हुआ। यह दीक्षांत समारोह वास्तव में एक यादगार और भावनात्मक आयोजन रहा, जिसने विकास, सीखने और नई शुरूआत का उत्सव मनाया।

# डॉ के एन मोदी कॉलेज की पूर्व छात्रा श्रेया कौशिक बनी एक दिन के लिए प्रधानाचार्य

अनिल वशिष्ठ




**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर की कक्षा 12 की पूर्व छात्रा श्रेया कौशिक मिशन शक्ति के छठवें चरण के अंतर्गत को आज प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र शर्मा के निर्देशन में पूर्व छात्रा श्रेया कौशिक को प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल की कुर्सी पर बैठाकर उनके कार्य प्रणाली को समझते हुए जिम्मेदारी और आत्मविश्वास का परिचय दिया पूर्व छात्रा ने शिक्षकों, शिक्षिकाओं ,कार्यालय सहायकों ओर कर्मचारियों के उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण कर उस पर अपने हस्ताक्षर किए। पूर्व छात्रा ने कहा कि आज मुझे बहुत गर्व का अनुभव ओर आत्मविश्वास हो रहा है। जिस विद्यालय में मैं पढी उसी में मैं प्रधानाचार्य पद के दायित्व को निभा रही हूं। पूर्व छात्रा ने कहा कि शिक्षा परीक्षा में केवल अच्छे अंक लाने तक ही सीमित नहीं है बल्कि शिक्षा का प्रभाव व्यक्ति के विचार और व्यवहार पर दिखना चाहिए शिक्षक समाज का आईना होता है उसके व्यवहार कार्यकलापों का छात्र-छात्राओं पर व्यापक प्रभाव पड़ता है विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ एस सी अग्रवाल ने बताया कि इस प्रकार के अनुभवों से छात्र-छात्राओं में नेतृत्व क्षमता विकसित होती है ।आज विद्यालय में महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति विशेष अभियान छठवें चरण के अंतर्गत शक्ति मंच की बैठक भी आयोजित की गई जिसमें विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई । इस अवसर पर श्रीमती सुनीता गर्ग प्रियंका रानी रीना शर्मा, कुमारी ज्योति, प्रीति शर्मा, राजीव सिंह, सुनील कुमार , तरुण कुमार, हरेंद्र सिंह, मलिक,प्रधान लिपिक, सतीश कुमार एवं अन्य सभी कार्यालय सहायक और कर्मचारी उपस्थित थे।

# अशोक सिंह चौहान को राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ युवा मोर्चा का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह सेंगर द्वारा मोदीनगर निवासी अशोक सिंह चौहान को राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ ( युवा मोर्चा ) का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ के राष्ट्रीय संरक्षक, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आर आर एस के नेतृत्व में आयोजित की गयी एक बैठक में स्वतंत्र प्रभारी विक्रमादित्य सिंह जूदेव, राष्ट्रीय सलाहकार डॉ. सुभाष शर्मा व राष्ट्रीय अध्यक्ष ( मुस्लिम प्रकोष्ठ ) इकबाल त्याजी की सहमति से राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह सेंगर द्वारा मोदीनगर निवासी अशोक सिंह चौहान को राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ ( युवा मोर्चा ) का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया है` यह नियुक्ति राष्ट्रीय पुरुस्कार प्राप्त अशोक सिंह के लगातार 5 वर्षो से गौरक्षा एवं सामाजिक कार्यों को देखते हुए की गयी है ।राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ में राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी मिलने पर कौशल किशोर पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार एवं अंतराष्ट्रीय पर्वतारोही एवं भारतीय यात्री डॉ. अनिल कुमार ( ब्रांड एम्बेसडर फिट इंडिया ) एवं संस्थापक / अध्यक्ष नेशनल यूथ पॉवर एसोसिएशन ने फोन कर बधाई दी एवं उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनायें दी। इसके अलावा पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली,शहर विधायक डॉ मंजू सिवाच, पालिका के पूर्व अध्यक्ष राम आसरे शर्मा, अशोक महेश्वरी, सतवीर सिंह राघव, मयंक शर्मा, सभासद अरुण खन्ना, प्रदीप बॉस ने शुभकामनाएं दी है।

# नामित पार्षद बनने पर प्रदीप चौधरी का भव्य सम्मान, क्षेत्र में खुशी की लहर





कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रदीप चौधरी को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित पार्षद मनोनीत किए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए की ओर से श्री मनवीर नागर के कार्यालय (नगर शो प्वाइंट) चौराहे पर एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर निगम के पूर्व कविनगर जोन चेयरमैन एवं पार्षद मनबीर नागर ने कहा कि प्रदीप चौधरी लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं। उनकी मेहनत, लगन और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी मिलना पूरी तरह उचित है।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष पवन सहलोत ने कहा कि प्रदीप चौधरी क्षेत्र के लोकप्रिय और सक्रिय कार्यकर्ता हैं, जो हमेशा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं। उनके नामित पार्षद बनने से क्षेत्र के विकास कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी।

समाजसेवी विष्णु शर्मा ने भी प्रदीप चौधरी के मनोनयन को क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया और विश्वास जताया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करेंगे। इस मौके पर प्रदीप चौधरी ने सभी वरिष्ठजनों, आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए निरंतर समर्पित रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने प्रदीप चौधरी को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

# नवाचार की गूंज: एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 'हैकाथॉन 2.0' का भव्य आगाज

## देशभर के 1000 से अधिक प्रतिभागियों की भागीदारी, 60 टीमें पहुंचीं अंतिम चरण में


वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** डासना स्थित एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को 'एसजीयू हैकाथॉन 2.0' का भव्य शुभारंभ हुआ। यह दो दिवसीय तकनीकी प्रतियोगिता 20 और 21 मार्च 2026 को आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, तकनीकी दक्षता और समस्या समाधान क्षमता को विकसित करना है। इस आयोजन में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 1052 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया, जो 114 टीमों के रूप में 79 महाविद्यालयों और 35 विश्वविद्यालयों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। प्रतियोगिता के लिए प्रारंभिक स्तर पर 343 टीमों ने पंजीकरण किया था, जिनमें से चयन प्रक्रिया के बाद 60 टीमों को अंतिम चरण के लिए चुना गया। इस तकनीकी महोत्सव में दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, जीएलए विश्वविद्यालय, अजय कुमार गर्ग अभियांत्रिकी महाविद्यालय, एबीईएस अभियांत्रिकी महाविद्यालय, विवेकानंद प्रोफेशनल स्टडीज संस्थान, महाराजा अग्रसेन प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास तथा राजकुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, उपकुलाधिपति, कुलपति और कुलसचिव सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने विद्यार्थियों को नई तकनीकों को अपनाने, रचनात्मक सोच विकसित करने और वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान हेतु नवाचार करने के लिए प्रेरित किया। हैकाथॉन के प्रथम दिवस पर प्रतिभागियों को विभिन्न समस्या विषय दिए गए, जिन पर उन्होंने अपनी टीमों के साथ कार्य प्रारंभ किया। विशेषज्ञों और मार्गदर्शकों के निर्देशन में प्रतिभागियों ने दिनभर संगणन कार्य, विचार विकास और नमूना निर्माण पर गहन कार्य किया। विश्वविद्यालय परिसर में पूरे दिन उत्साह, प्रतिस्पर्धा और नवाचार का माहौल बना रहा। यह आयोजन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रोफेसर (डॉ.) जयदीप कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है, जिसमें समन्वयक के रूप में कंप्यूटर विज्ञान विभागाध्यक्ष वंदना शर्मा और कंप्यूटर अनुप्रयोग विभागाध्यक्ष योगिता कौशिक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सहायक प्राध्यापकों ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।



# गाजियाबाद में देश विरोधी गतिविधियों का भंडाफोड़, 9 आरोपी गिरफ्तार

**अरुण मिश्रा**





**गाजियाबाद (वेलकम इडिया)।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त एक बड़े गिरोह का पदार्फाश करते हुए कुल 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 9 मोबाइल फोन, 10 सिम कार्ड तथा 2 सीसीटीवी कैमरे भी बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, 14 मार्च 2026 को थाना कौशांबी क्षेत्र में सूचना मिली थी कि कुछ युवक संदिग्ध गतिविधियों में शामिल हैं और रेलवे स्टेशन व सुरक्षा प्रतिष्ठानों के वीडियो बनाकर विदेशी नंबरों पर भेज रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रारंभिक कार्रवाई में 5 पुरुष और 1 महिला को गिरफ्तार किया गया था, जिनके मोबाइल फोन से महत्वपूर्ण स्थानों की फोटो, वीडियो और लोकेशन मिली थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त के निर्देश पर विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया।

टीम ने गहन जांच और पूछताछ के आधार पर 20 मार्च को कुल 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, जिनमें 5 बाल अपचारी भी शामिल हैं। पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। आरोपियों ने बताया कि वे देश के विभिन्न स्थानों पर स्थित सुरक्षा बलों के ठिकानों, रेलवे स्टेशनों और अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों की रेकी करते थे और उनके फोटो, वीडियो व जीपीएस लोकेशन विदेशी संचालकों को भेजते थे। इसके लिए उनके मोबाइल में एक विशेष ऐप इंस्टॉल कराया गया था, जिसकी ट्रेनिंग उन्हें ऑनलाइन दी जाती थी।

जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह द्वारा दिल्ली कैंट और सोनीपत रेलवे स्टेशन जैसे संवेदनशील स्थानों पर सौर ऊर्जा से संचालित सिम आधारित स्टैंड-अलोन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिनकी लाइव फीड भी विदेश भेजी जा रही थी। पुलिस ने ऐसे कैमरे बरामद कर लिए हैं और करीब 50 अन्य स्थानों पर इसी तरह की योजना की भी जानकारी मिली है।

इसके अलावा गिरोह के सदस्य भारतीय सिम कार्ड का उपयोग कर व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के ओटीपी विदेशी नंबरों पर भेजते थे। इसके बदले उन्हें 500 से 15,000 रुपये तक का भुगतान किया जाता था।

भुगतान यूपीआई के माध्यम से किया जाता था, जबकि नकद निकासी जन सेवा केंद्रों और दुकानों के जरिए की जाती थी ताकि पहचान छिपाई जा सके। पुलिस के अनुसार, इस गिरोह के मुख्य हैंडलर नौशाद अली और समीर उर्फ शटूर बताए जा रहे हैं, जो फिलहाल फरार हैं। उनकी तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि गिरोह में ऐसे युवाओं को शामिल किया जाता था जो तकनीकी रूप से सक्षम हों और जिन्हें तत्काल पैसों की जरूरत हो।

यह कार्रवाई सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है, जिससे एक संभावित बड़े खतरे को समय रहते टाल दिया गया।

# त्योहारों के मद्देनजर वेव सिटी पुलिस की सख्ती, एसीपी प्रियाश्री पाल ने किया फ्लैग मार्च

**कपिल चौहान**





**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से वेव सिटी पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है। इसी क्रम में सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) वेव सिटी श्रीमती प्रियाश्री पाल के नेतृत्व में थाना वेव सिटी पुलिस बल द्वारा डासना मंदिर एवं डासना अड्डा क्षेत्र में पैदल गश्त (फ्लैग मार्च) किया गया।

गश्त के दौरान एसीपी प्रियाश्री पाल ने पुलिस बल के साथ संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया और आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

इस दौरान पुलिस टीम ने प्रमुख मार्गों, बाजारों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विशेष नजर रखी। साथ ही त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने हेतु सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि त्योहारों के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार गश्त, चेकिंग अभियान और निगरानी जारी रहेगी। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वेव सिटी पुलिस द्वारा आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा गया कि सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग

# दिल्ली गेट देवी मंदिर में हुई मां नवरात्रि के दूसरे दिन माँ ब्रह्मचारिणी की पूजा

## माँ का यह स्वरूप तप, त्याग और साधना का प्रतीक है: गिरिशानन्द गिरि

**अरुण मिश्रा**



**गाजियाबाद (वेलकम इडिया)।** श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के पीठाधीश्वर, श्रीपंचदशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरि की अध्यक्षता व पावन सानिध्य मे चैत्र नवरात्र को लेकर दूसरे नवरात्रि के अवसर पर दिल्ली गेट देवी मंदिर एवं मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की गई। चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर मां ब्रह्मचारिणी की कृपा पाने के लिए आप भी अपने दोस्तों, करीबियों और प्रियजनों को मां दुर्गा की कृपा के साथ मंदिर मठाधीश महंत गिरिशा नन्द गिरी अन्तर्राष्ट्रीय मंत्री श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े ने बताया कि चैत्र नवरात्रि का दूसरा दिन नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व में प्रत्येक दिन मां दुर्गा के एक विशिष्ट रूप की आराधना करने का विशेष महत्व बताया गया है। इस दौरान घरों में मां की पूजा अर्चना, कलश स्थापना और व्रत का पालन किया जाता है। नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की आराधना की जाती है। मां ब्रह्मचारिणी को देवी दुर्गा का द्वितीय रूप माना जाता है । चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर मां ब्रह्मचारिणी की कृपा पाने के लिए आप भी अपने दोस्तों, करीबियों और प्रियजनों को मां दुर्गा की कृपा होती है

महंत विजय गिरि जी महाराज ने बताया कि नवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं ने मिट्टी का कलश, जौ बोने के लिए पात्र, मिट्टी, जौ, गंगाजल, पवन फूल, मिष्ठान, फल, रोली, चावल, कलावा की खरीदारी शुरू कर दी है। प्रसाद भोग के लिए भी व्यवस्था की एवं भक्तों एवं विद्यापीठ के छात्रों एवं आचार्य ने मन्त्रोउचारण के साथ साधु संतो ने हवन-यज्ञ में आहुति दी गई। इस अवसर मीडिया प्रभारी एस आर सुथार ने बताया कि नवरात्रि पर गाजियाबाद शहर विधायक संजीव शर्मा, भाजपा नेता पप्पू पहलवान,राहुल शर्मा, प्रतीक माथुर ,श्याम शर्मा,संदीप पाल ,अंकित गुप्ता,युग छाबड़ा ,चमन चौहान आदि सैकड़ों भक्तों संतों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने मां ब्रह्मचारिणी कि पुजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# जुम्मे की नमाज पर गाजियाबाद में दिखी रौनक, अमन-चैन और भाईचारे का दिया गया संदेश

## रमजान का आखिरी जुम्मा 'अलविदा जुम्मा' अकीदत के साथ अदा, गाजियाबाद में दिखी रौनक

**कपिल चौहान**





**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** पवित्र रमजान माह के दौरान आज जुम्मे की नमाज को लेकर गाजियाबाद जनपद में विशेष उत्साह और धार्मिक आस्था का माहौल देखने को मिला। शहर की सभी मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज़ियों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां लोगों ने पूरी श्रद्धा और अनुशासन के साथ नमाज अदा की।

इस अवसर पर मौलानाओं और उलेमाओं द्वारा अपने संदेश में समाज में एकता, भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया गया।

उन्होंने सभी समुदायों से अपील की कि वे अमन-चैन, खुशहाली और आपसी सद्भाव को मजबूत करें तथा समाज में सकारात्मक वातावरण बनाए रखें। वहीं, जुम्मे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए गाजियाबाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। जनपद के सभी प्रमुख मस्जिदों और ईदगाहों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। हर थाना क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती की गई, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अफवाह को रोका जा सके।

पुलिस अधिकारियों द्वारा लगातार निगरानी रखी गई और नमाज के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए।

प्रशासन की सक्रियता के चलते पूरे जिले में नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। नमाज के दौरान और बाद में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर भाईचारे का संदेश दिया, जिससे पूरे वातावरण में सौहार्द और सकारात्मकता का भाव देखने को मिला।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा, 55 हजार का जुर्माना

**गाजियाबाद।** नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में शुक्रवार को गाजियाबाद की पॉक्सो अदालत ने आरोपी युवक को दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही अभियुक्त पर 55 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया ।पॉक्सो कोर्ट मैन के विशेष लोक अभियोजक हरीश कुमार ने बताया कि मामला लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र का है। यहां के एक मोहल्ले में रहने वाले वादी ने 15 अप्रैल 2019 को थाने में तहरीर दी थी। इसमें उसने बताया कि वह हाजीपुर स्थित फैक्टरी में कार्य करने के लिए आया था। दोपहर में उनकी पत्नी और बेटा खाना देने के लिए फैक्टरी पहुंचे थे। इसी दौरान उनके पड़ोसियों का फोन आया कि उसके घर में चोर घुस गया है। यह सुनकर वह मोटरसाइकिल से पहुंचे। घर पहुंचकर देखा कि उसकी नाबालिग बेटी के साथ साहिल उर्फ सलाउद्दीन नाम का युवक आपत्तिजनक स्थिति में था। इसके बाद उसने साहिल उर्फ सलाउद्दीन को पकड़कर एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद उसने अपनी बेटी से पूछा तो उसने बताया कि साहिल उर्फ सलाउद्दीन घर में घुस आया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

# त्योहारों के मद्देनजर पुलिस अलर्ट, मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद



**अरुण मिश्रा**

**गाजियाबाद (वेलकम इडिया)।** आगामी त्योहारों को देखते हुए शहर में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली नगर श्रीमती उपासना पाण्डेय ने थाना कोतवाली पुलिस बल के साथ क्षेत्र की प्रमुख मस्जिदों एवं आसपास के संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी पुलिसकर्मी पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। भ्रमण के दौरान मस्जिदों में नमाज शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराई गई। पुलिस की सक्रियता के चलते कहीं भी किसी प्रकार की अव्यवस्था या अप्रिय घटना सामने नहीं आई। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की और सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष जताया। एसीपी ने पुलिस बल को निर्देशित किया कि संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग बढ़ाने और आमजन के साथ संवाद बनाए रखने पर भी जोर दिया, ताकि किसी भी स्थिति से समय रहते निपटा जा सके। पुलिस प्रशासन का कहना है कि त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे नागरिक बिना किसी भय के अपने त्योहार मना सकें। इस प्रकार, पुलिस की सतर्कता और सक्रियता के चलते क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है और लोग सुरक्षित माहौल में धार्मिक गतिविधियों में भाग ले

# पढ़ेगा बच्चा-बढ़ेगा देश: जीपीए ने नौवें निशुल्क बुक एक्सचेंज मेले के लिए प्रचार वैन को दिखाई हरी झंडी

**कपिल चौहान**






**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन (जीपीए) द्वारा लगातार 9 वर्षों से आयोजित किए जा रहे निशुल्क बुक एक्सचेंज मेले के तहत इस वर्ष भी भव्य आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में मेले के प्रचार-प्रसार के लिए एक विशेष वैन का शुभारंभ किया गया, जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर अभिभावकों को जागरूक करेगी। जीपीए द्वारा इस बार बुक एक्सचेंज मेले को दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। पहला चरण 22 व 23 मार्च को लाल बहादुर शास्त्री हॉकी स्टेडियम, शास्त्री नगर में सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित होगा। वहीं दूसरा चरण 28 व 29 मार्च को चाणक्य चौक रामलीला मैदान, विजयनगर में संपन्न होगा।

जीपीए सचिव अनिल सिंह ने बताया कि इस मेले का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और पेड़ों की कटाई को रोकना है, साथ ही अभिभावकों पर बढ़ते शैक्षिक खर्च के बोझ को कम करना भी है। उन्होंने कहा कि इस पहल से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा के मौलिक अधिकार के तहत सहायता मिलती है।

जीपीए के आधिकारिक सदस्य नवीन राठौर ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस मेले का लाभ उठाएं और अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य में योगदान दें। वहीं जीपीए उपाध्यक्ष साधना सिंह ने स्पष्ट किया कि यह मेला पूर्णतः निशुल्क है, जिसमें कक्षा के अनुसार जरूरतमंद छात्रों को मुफ्त पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। किसी भी अभिभावक से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

जीपीए द्वारा सोशल मीडिया, समाचार पत्रों, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ प्रचार वैन के माध्यम से शहरभर में पंपलेट वितरण और लाउडस्पीकर के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस जनहितकारी पहल से जुड़ सकें।

## तेजी से दौड़ रहा विकास का पहिया

# लाइन पार क्षेत्र में सड़कों, जलापूर्ति और सौंदर्यकरण पर करोड़ों खर्च: विधायक संजीव शर्मा

**कपिल चौहान**



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद। शहर के लाइन पार क्षेत्र में विकास कार्यों को रफ्तार देते हुए व्यापक स्तर पर परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। क्षेत्रीय विधायक संजीव शर्मा ने बताया कि जनता की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए जलापूर्ति, सड़कों के चौड़ीकरण, कॉलोनियों के सुव्यवस्थित विकास और बिजली व्यवस्था पर तेजी से काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि गंगाजल परियोजना का कार्य अप्रैल माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम, जीडीए और पीडब्ल्यूडी के माध्यम से कई विकास कार्य एक साथ कराए जा रहे हैं।

विधायक ने जानकारी दी कि नगर निगम द्वारा करीब 80 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए जा चुके हैं। वहीं पीडब्ल्यूडी के माध्यम से जीटी रोड और पुलों के मरम्मत कार्य के साथ दौलतपुरा से लाल कुआं तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है। हिंडन से जीटी रोड तक 23 करोड़ की लागत से चौड़ीकरण कार्य कराया गया है, जबकि बागों में 5 करोड़ की लागत से सड़कों का निर्माण जारी है।

विजयनगर थाने के सामने पार्क के सौंदर्यकरण के लिए 17 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा विभिन्न गोल चक्करों के विकास के लिए 10 करोड़ रुपये की योजनाएं संचालित हैं। सिद्धार्थ विहार में आवास विकास द्वारा सड़क निर्माण कार्य भी जारी है। दूधेश्वरनाथ गलियारा परियोजना के अंतर्गत अब तक 6 करोड़ रुपये के कार्य कराए जा चुके हैं। वहीं नोएडा से कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए 400 करोड़ रुपये की लागत से एलिवेटेड रोड को मंजूरी दी गई है। विधायक ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में 10 से 15 करोड़ रुपये के विकास कार्य वर्तमान में चल रहे हैं। इसके अलावा जिला अस्पताल में 300 बेड की सुविधा विकसित की जा रही है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप क्षेत्र के समग्र विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं और जनता की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जा रही है।

# खोड़ा की मुल्ला कॉलोनी में सड़क पर इफ्तार का वीडियो वायरल, हनुमान चालीसा पाठ के ऐलान से बढ़ा विवाद

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद मामला गरमाया, प्रशासन की भूमिका पर टिकी निगाहें

**कपिल चौहान**





**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के खोड़ा थाना क्षेत्र स्थित मुल्ला कॉलोनी में रमजान के दौरान सड़क पर इफ्तार किए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि सड़क पर इफ्तार पार्टी आयोजित की गई, जिसके चलते राहगीरों और वाहन चालकों को रास्ता बदलकर निकलना पड़ा। वीडियो के वायरल होने के बाद यह मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। हिंदू रक्षा दल के नेता सोनू शर्मा ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए आगामी मंगलवार को मुल्ला कॉलोनी के लेबर चौक पर हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ का ऐलान किया है। सोनू शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर जारी बयान में कहा कि यदि सड़कों पर इफ्तार का आयोजन किया जा सकता है, तो सड़कों पर हनुमान चालीसा पाठ भी किया जा सकता है। इस घोषणा के बाद क्षेत्र में चचाओं का दौर तेज हो गया है और माहौल को लेकर लोगों में उत्सुकता बनी हुई है। फिलहाल पूरे मामले पर प्रशासन और पुलिस की नजर बनी हुई है। आने वाले दिनों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं, इस पर सभी की निगाहें टिकी हुई।

# बिजली बिल बकाया से बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नल, शहर में जाम से लोग परेशान

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** स्मार्ट मीटर में बैलेंस नेगेटिव होने की वजह से शहर की अधिकतर ट्रैफिक लाइट और सिग्नल बंद हैं। इस कारण विभिन्न चौराहे पर जाम लग रहा है। ऐसे में लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। नगर निगम के बिल जमा नहीं करने से बिजली काट दी गई है। निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता ने भुगतान के लिए फाइल मांगी है।

निगम ने शहर के विभिन्न चौराहे-तिराहे पर ट्रैफिक लाइट और सिग्नल लगाए हैं। इसके अलावा आईटीएमएस के तहत भी करीब 41 स्थानों पर 800 कैमरे लगाए गए हैं। स्मार्ट मीटर से कैमरे चल रहे हैं। बिजली के बिल का भुगतान नगर निगम करता है, लेकिन प्रीपेड मीटर में बैलेंस नेगेटिव होने से बिजली कट गई है।

इस कारण ज्यादातर कैमरे और सिग्नल बंद हो गए। ऐसे में यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। चौराहे और तिराहे पर जाम लग रहा है। कई जगह वाहन रेंगकर चल रहे हैं।

हालांकि यातायात व्यवस्था संभालने के लिए पुलिसकर्मी तैनात हैं। इसके बावजूद वाहन चालक जाम से जूझ रहे हैं।

चालान भी नहीं किए जा रहेसूत्रों ने बताया कि कैमरे बंद होने से यातायात के नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के चालान नहीं किए जा रहे।

# स्कूल वाहनों की जांच के लिए 1 अप्रैल से अभियान, फिटनेस-जीपीएस समेत होगी सख्त जांच

**गाजियाबाद।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग एक अप्रैल से विशेष अभियान शुरू करने जा रहा है। यह अभियान 15 अप्रैल तक चलेगा। इसमें परिवहन विभाग की छह टीमें जिलेभर में संचालित स्कूल बसों और वैन की सघन जांच करेंगी। एआरटीओ प्रशासन अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान के तहत फिटनेस, परमिट, बीमा, ड्राइवर की वैध लाइसेंस, फायर सेफ्टी, फर्स्ट एड बॉक्स, स्पीड गवर्नर और जीपीएस जैसी अनिवार्य व्यवस्थाओं की जांच की जाएगी।